● सीधी, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 143, पृष्ठ : 08, सीधी, मंगलवार, 02 जुलाई 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



पश्चिम बंगाल महिलाओं के लिए सुरक्षित नहीं : नड्डा 5

एबी ने बढ़ाया दक्षिण अफ्रीकी टीम का हौंसला 6



## तीन नए आपराधिक कानून लागू

### गृह मंत्री शाह बोले- अब दंड की जगह न्याय मिलेगा, 77 साल बाद न्याय व्यवस्था स्वदेशी हुई

**नई दिल्ली।** देश में अंग्रेजों के जमाने से चल रहे कानूनों की जगह 3 नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1 जुलाई से लागू हो गए हैं। इन्हें आईपीसी (1860), सीआरपीसी (1973) और एविडेंस एक्ट (1872) की जगह लाया गया है।

कानूनों के लागू होने के बाद गृह मंत्री अमित शाह ने मीडिया को इन कानूनों की जानकारी दी। शाह ने कहा कि आजादी के 77 साल बाद क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम अब पूरी तरह से स्वदेशी हो गया है।

शाह बोले- अब दंड की जगह न्याय मिलेगा। मामलों में देरी की जगह स्पीडी ट्रायल होगा। साथ ही सबसे आधुनिक क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम बनेगा।

गृहमंत्री के मुताबिक देशभर में 22.5 लाख से ज्यादा पुलिसकर्मियों को नए क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम की ट्रेनिंग 12 हजार से ज्यादा मास्टर ट्रेनर्स ने दी है। लोकसभा में 9.29 घंटे चर्चा हुई, उसमें 34 सदस्यों ने भाग लिया। राज्यसभा में 6 घंटे से ज्यादा चर्चा हुई। इसमें 40 सदस्यों ने भाग लिया।

शाह ने कहा कि यह भी झूठा कहा जा रहा है कि विधेयक को सांसदों को बाहर भेजे जाने (निलंबित किए जाने) के बाद लाया गया। विधेयक को पहले ही कार्य मंत्रणा समिति के पास भेजा जा चुका था। इन कानूनों के लागू होने के साथ ही देश में सबसे



पहला केस ग्वालियर में दर्ज हुआ। इस बात की जानकारी शाह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। उन्होंने कहा यह एफआईआर मोटर साइकिल चोरी की थी। जिसे 12.10 मिनट पर दर्ज किया गया था।

हालांकि इससे पहले कुछ रिपोर्ट्स में कहा गया था कि नए कानूनों के तहत पहली एफआईआर दिल्ली के कमलापार्क थाने में रेहड़ी वाले के खिलाफ और भोपाल के हनुमानगंज थाने में दर्ज की गईं।

कांग्रेस नेता पी चिदंबरम ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा- सरकार ने मौजूदा कानूनों को बिना बहस किए खत्म कर दिया। नए कानूनों में और बदलाव किए जाने चाहिए ताकि उन्हें संविधान के सिद्धांतों के अनुरूप बनाया जा सके। गौरतलब है कि चिदंबरम इन तीनों कानूनों की जांच को लेकर बनाई गई संसद की स्थायी समिति के सदस्य थे।

नए कानूनों में कुछ इम्प्रूवमेंट्स हुए हैं। हमने उनका स्वागत किया है। उन्हें संशोधन के रूप में पेश किया जा सकता था। लेकिन कुछ कई विपरीत प्रावधान भी हैं। जो असंवैधानिक हैं। स्थायी समिति के सदस्य सांसदों ने प्रावधानों पर विचार-विमर्श किया है। तीनों विधेयकों पर असहमति नोट भी लिखे। सरकार ने उनमें की गई किसी भी आलोचना का खंडन या जवाब नहीं दिया। संसद में कोई सार्थक बहस नहीं हुई। कानूनविदों, बार एसोसिएशनों, न्यायाधीशों और वकीलों ने कई आर्टिकल और सेमिनारों में नए कानूनों की कमियां गिनाईं, सरकार इनकी भी परवाह नहीं की। शुरुआती असर ये होगा कि कानून-व्यवस्था बिगड़ेगी। बाद में अदालतों में कानूनों को कई चुनौतियां दी जाएंगी। उन्हें संविधान और आपराधिक न्यायशास्त्र के आधुनिक सिद्धांतों के अनुरूप बनाने और बदलाव होने चाहिए।

## देश के लिए ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण है एक जुलाई का दिन : डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री ने नई न्याय व्यवस्था के क्रियान्वयन के लिए प्रधानमंत्री मोदी का माना आभार

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आज एक जुलाई का दिन महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक है। अंग्रेजों के समय से चले आ रहे तीन कानूनों को बदलकर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नई व्यवस्था का क्रियान्वयन आरंभ हो रहा है। इस व्यवस्था के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रिपरिषद की ओर से प्रधानमंत्री श्री मोदी को धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज से प्रदेश में परिवहन के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। प्रदेश के नाकों में गुजरात पैटर्न पर चैक-पोस्ट संबंधी नई व्यवस्था लागू की जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विधानसभा के समिति कक्ष में आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक से पहले अपने संबोधन में यह बात कही। बैठक वंदे मातरम के गान के



साथ आरंभ हुई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश में भारतीय न्याय पद्धति और अवधारणा तथा पंच परमेश्वर की परम्परा के आधार पर न्याय व्यवस्था स्थापित करने के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी बधाई के पात्र हैं। केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने लगभग चार सौ घंटे के परिश्रम व विभिन्न बैठकों तथा व्यापक विचार-विमर्श के बाद नए कानूनों के प्रारूपों को अंतिम रूप प्रदान किया है। अब भारतीय दंड संहिता को हमारी न्याय परम्परा से जोड़ते हुए न्याय संहिता कहा जाएगा। अंग्रेज तो दंड देने के अधिकारी थे, लेकिन अब हमारी व्यवस्था न्याय की परम्परा को स्थापित करेगी। इसमें आँख पर पट्टी बांधकर नहीं अपितु आँख खोलकर न्याय होगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा, राज्य मंत्री श्री दिलीप अहिरवार और पूर्व मंत्री श्री गोपाल भार्गव को जन्म दिवस की बधाई व शुभकामनाएं दीं।

## संसद में राहुल गांधी पर भड़के शिवराज

### राहुल बोले-किसानों को एमएसपी नहीं दी, कृषि मंत्री ने कहा-ऐसा है तो साबित करें

**नई दिल्ली।** लोकसभा में सोमवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान पक्ष और विपक्ष के सांसदों के बीच जोरदार बहस हुई। विपक्ष के नेता राहुल गांधी जब सदन में बोलने के लिए खड़े हुए तो उन्होंने अग्निवीर योजना, महंगाई और किसानों से जुड़े मुद्दे उठाकर सरकार को घेरने की कोशिश की। राहुल गांधी के आरोपों पर सत्ता पक्ष ने भी करारा जवाब दिया। राहुल गांधी ने सदन में बोलते हुए सरकार की ओर से किसानों को एमएसपी नहीं दिए जाने का मुद्दा उठाया। राहुल ने कहा, देश के किसान एमएसपी की मांग कर रहे हैं, पर सरकार



कह रही है कि हम नहीं देंगे। राहुल ने कहा कि हम किसानों के हित में जो भूमि अधिग्रहण कानून लाए थे, वर्तमान सरकार उसे बदल कर ऐसे कृषि कानून लेकर आई जो किसानों के बजाए उद्योगपतियों के हितों की बात करती थी। किसानों ने उसका विरोध किया। विरोध करने के लिए जो किसान दिल्ली आ रहे थे उन्हें रास्तों पर ही रोक दिया गया। आज तक कई जगहों पर बॉर्डर बंद हैं। सरकार किसानों को एमएसपी देने को तैयार नहीं है। विपक्ष के नेता राहुल गांधी के इस आरोप का सरकार की ओर से तुरंत खंडन किया गया। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने खड़े होकर राहुल गांधी के बयान पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा, विपक्ष के नेता को सदन में खड़े होकर झूठ नहीं बोलना चाहिए कि सरकार किसानों को एमएसपी नहीं दे रही। मोदी जी की सरकार किसानों को फसलों की लागत पर एमएसपी की सुविधा मुहैया करवा रही है।

## जून में 1,389 करोड़ यूपीआई ट्रांजैक्शन हुए

**नई दिल्ली।** जून 2024 में यूनिफाइड पेमेंट सिस्टम यानी यूपीआई के जरिए 1,389 करोड़ ट्रांजैक्शन हुए। इस दौरान टोटल 2,007 लाख करोड़ रुपए की राशि ट्रांसफर की गई। ट्रांजैक्शन की संख्या में सालाना आधार पर 49% की बढ़ोतरी हुई है। वहीं, इसके जरिए ट्रांसफर की जाने वाली राशि में 36% की बढ़ोतरी हुई है। एक साल पहले यानी जून 2023 में 934 करोड़ ट्रांजैक्शन के जरिए 14.75 लाख करोड़ रूपए का लेनदेन हुआ था। वहीं, पिछले महीने की तुलना में ट्रांजैक्शन की संख्या में 1% और ट्रांसफर की गई।

## सेना हर चुनौती के लिए तैयार: उपेन्द्र

### नए सेना प्रमुख ने भाई के पैर छुए, गार्ड ऑफ ऑनर मिला

**नई दिल्ली।** देश के नए सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी को सोमवार (1 जुलाई) को सेरेमनी के दौरान गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। रायसीना हिल्स के साउथ ब्लॉक में हुए इवेंट के बाद 30वें सेना प्रमुख ने अपने भाई के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। जनरल द्विवेदी ने 30 जून को ही बतौर सेना प्रमुख कार्यभार संभाला है। वे जनरल मनोज पांडे के बाद आर्मी चीफ बनाए गए हैं। 19 फरवरी को उन्हें वाइस चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ बना गया था। 13 लाख



सैनिकों की सेना का कार्यभार संभालने के बाद जनरल द्विवेदी ने कहा कि सेना, वायुसेना और नौसेना के बीच तालमेल बनाए रखने की दिशा में काम करना उनकी प्राथमिकता होगी। लद्दाख में चीन से चल रहे सीमा विवाद पर आर्मी चीफ बोले भारतीय सेना हर तरह की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार और सक्षम है। जनरल द्विवेदी ने कहा कि भारतीय सेना परिवर्तन की राह पर है और यह डिफेंस सेक्टर में आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर है। जिओ पॉलिटिकल लैंडस्कैप तेजी से बदल रहा है और टेक्नोलॉजी में बहुत तेज डेवलपमेंट हो रहे हैं। ऐसे में यह जरूरी है कि हम अपने सैनिकों को लगातार अत्याधुनिक हथियारों और प्रौद्योगिकी से लैस करें और अपनी वॉर स्ट्रेटेजी को डेवलप करना जारी रखें।

## मप्र के सभी टाइगर रिजर्व आज से बंद, अब 1 अक्टूबर को खुलेंगे

**भोपाल** । मध्य प्रदेश के सभी 6 टाइगर रिजर्व बांधवगढ़, कान्हा, पेंच, सतपुड़ा, पन्ना और संजय धुबरी को एक जुलाई से पर्यटकों के लिए बंद कर दिया गया है। हालांकि कुछ टाइगर रिजर्व के बफर जोन में टाइगर सफारी पहले ही तरह ही संचालित होती रहेगी। नेशनल पार्क या टाइगर रिजर्व के कोर जोन में पर्यटक नहीं जा सकेंगे। नेशनल पार्कों और टाइगर रिजर्व में तीन महीने तक पर्यटकों के लिए यह पाबंदी लागू रहेगी।

## 25 राज्यों में बारिश का रेड अलर्ट

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग ने देश के 25 राज्यों में आज और अगले 5 दिन बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। इनमें राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल, पंजाब, हरियाणा, गुजरात, महाराष्ट्र, दिल्ली, बिहार, झारखंड, दक्षिण और नॉर्थ-ईस्ट के राज्य शामिल हैं।

मौसम विभाग ने बताया कि मानसून अब देश के करीब सभी राज्यों में पहुंच गया है। अगले तीन दिन में यह राजस्थान, पंजाब और हरियाणा के बाकी बचे हिस्से को भी कवर कर लेगा। जून में देशभर में 165.3 एमएम की जगह 147.2 एमएम बारिश हुई है। यह सामान्य से 11% कम है।

महाराष्ट्र के उत्नागिरी जिले के चिपलूण स्थित शिव नदी में मगरमच्छों की संख्या बढ़ी है। बरसात में नदी के भरने की वजह से मगरमच्छ सड़क व बस्तियों की ओर आ रहे हैं। रविवार को लोनावला में एक ही परिवार के 5 लोग भुशी डैम में बह गए। इनमें एक महिला, 13 साल की लड़की, 6 साल की 2 बच्चियां और 4 साल का एक लड़का शामिल था। तीन के शव बरामद हुए हैं।

रविवार को महाराष्ट्र, बिहार, राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और अरुणाचल प्रदेश समेत कई अन्य राज्यों में भारी बारिश हुई।

## लोकसभा में राहुल गांधी के हिंदू पर दिए बयान पर हंगामा

### पीएम मोदी-अमित शाह ने दिया जवाब

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता विपक्ष के तौर पर राहुल गांधी के हिंदुओं पर दिए एक बयान ने हंगामा मचा दिया। दरअसल, राहुल ने कहा था जो खुद को हिंदू कहते हैं, वह हिंसा-हिंसा करते हैं। इसे लेकर सदन में जबरदस्त हंगामा हुआ। खुद पीएम मोदी ने राहुल के भाषण के बीच उन्हें टोका और कहा कि पूरे हिंदू समुदाय को हिंसा से जोड़ना ठीक नहीं है। वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी राहुल गांधी पर जमकर पलटवार किया। शाह ने कहा कि राहुल गांधी को इस बयान के लिए माफी मांगनी चाहिए। राहुल ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग अपने आप को हिंदू कहते हैं वह 24 घंटे हिंसा, हिंसा, हिंसा; नफरत, नफरत, नफरत; असत्य, असत्य, असत्य करते रहते हैं। ये हिंदू हैं ही नहीं। आप हिंदू हो ही नहीं। हिंदू धर्म में साफ लिखा है कि सत्य के साथ खड़े होने चाहिए। सत्य से पीछे नहीं हटना चाहिए। अहिंसा फैलाना चाहिए।

पीएम मोदी ने इस दौरान बीच में ही उठकर राहुल गांधी को रोका और कहा कि यह बात बहुत गंभीर है। पूरे हिंदू समुदाय को हिंसक कहना गंभीर विषय है। इस पर राहुल ने जवाब दिया कि मैंने भाजपा को हिंसक कहा, नरेंद्र मोदी पूरा हिंदू समाज नहीं है। भाजपा पूरा हिंदू समाज नहीं है। आरएसएस पूरा हिंदू समाज नहीं है। पीएम मोदी ने राहुल के बयानों पर बाद में सदन में कहा, इस संविधान ने मुझे सिखाया है कि मुझे विपक्ष के नेता को गंभीरता से लेना चाहिए।

राहुल गांधी के बयान पर पलटवार करते हुए अमित शाह ने कहा, शोरशराबा कर के इतने बड़े कृत्य को छिपाया नहीं जा सकता। विपक्ष के नेता ने कहा कि जो अपने आप को हिंदू कहते हैं, वह हिंसा करते हैं, हिंसा की बात करते हैं। इनको शायद मालूम नहीं है कि करोड़ों लोग खुद को गर्व से हिंदू कहते हैं। क्या वे सभी लोग हिंसा करते हैं। हिंसा की भावना को किसी धर्म के साथ जोड़ना और इस सदन में संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति ने। मुझे लगता है उन्हें इसकी माफी मांगनी चाहिए। शाह ने आगे कहा, मैं उनको एक गुजारिश भी करना चाहता हूं कि इस्लाम में अभयमुद्रा, इस पर इस्लाम के विद्वानों का मत एक बार वो ले लें।

## भारत ने तैयार किए 'सबसे शक्तिशाली' विस्फोटक, सेना के लिए बनेंगे गेमचेंजर

**नागपुर।** भारत रक्षा क्षेत्र में लगातार आत्मनिर्भरता की ओर आगे बढ़ रहा है और रक्षा उत्पादों के निर्माण के मामले में नित नए कीर्तिमान भी स्थापित कर रहा है। इसी कड़ी में भारत ने अब तक के सबसे शक्तिशाली विस्फोटक तैयार किए हैं, जो भारतीय सेना के लिए गेम चेंजर साबित हो सकते हैं।

समाचार एजेंसी एएनआई के अनुसार, नागपुर की सहायक कंपनी इकोनॉमिक एक्सप्लोसिव्स लिमिटेड ने तीन नए विस्फोटक फॉर्मूलेशन विकसित किए हैं। जो भारतीय सेना के लिए गेम चेंजर हो सकते हैं। यह किसी भी ठोस विस्फोटक की तुलना में बेहतर परिणाम देते हैं। कंपनी द्वारा विकसित इन तीन विस्फोटक फॉर्मूलेशन का नाम स्थ्बक्ष्यङ्ग 2 है। इससे फायरपावर और विस्फोटक प्रभाव में काफी वृद्धि होगी।

बता दें कि किसी भी विस्फोटक का प्रदर्शन टीएनटी से मापा जाता है। उच्च टीएनटी समतुल्यता वाले विस्फोटकों में अधिक मारक क्षमता और विनाशकारी शक्ति होती है। पारंपरिक विस्फोटक का उपयोग पारंपरिक हवाई बम और दुनिया भर में कई अन्य गोला-बारूद में किया जाता है।

## मेरे भाई हिंदुओं का अपमान नहीं कर सकते : प्रियंका

**नई दिल्ली।** लोकसभा में सोमवार राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कुछ ऐसा कह दिया कि भाजपा हमलवार हो गई है। भाई को घिरता देख खुद वायनाड से कांग्रेस उम्मीदवार प्रियंका गांधी ने मोर्चा संभाल लिया है। उन्होंने मीडिया से कहा कि मेरे भाई हिंदुओं का अपमान नहीं कर सकते हैं। दरअसल, राहुल गांधी ने संसद में कहा कि एक रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि हिंदुस्तान ने कभी किसी पर हमला नहीं किया। यह अहिंसा को मानने वाला देश रहा है। हमारे महापुरुषों ने कहा कि किसी से ना डरो और ना ही किसी को डराओ। शिवजी भी डरने या डराने का नहीं कहते हैं, लेकिन अपने आपको हिंदू कहने वाले 24 घंटे हिंसा की बात करते हैं। यह नफरत फैलाते हैं।

## नर्सिंग घोटाले पर नेता प्रतिपक्ष अड़े, अध्यक्ष ने आसंदी से कहा-कराएंगे चर्चा

**भोपाल।** मध्यप्रदेश विधानसभा का बजट सत्र आज से शुरू हुआ। पहले दिन नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और कांग्रेस विधायक एप्रिन पहनकर पहुंचे और नर्सिंग घोटाले को लेकर नारेबाजी की। कांग्रेस ने तय किया है कि नर्सिंग घोटाले पर स्थगन प्रस्ताव लाएगी।

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि नर्सिंग फर्जीवाड़े मामले में चर्चा कराए जाने को लेकर नेता प्रतिपक्ष ने अध्यक्ष को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा की हम चाहते है कि सदन की 14 दिन की बैठकें पूरी चले। उन्होंने कहा कि विपक्ष के हंगामें को लेकर आरोप लगाए जाते हैं। हम चाहते हैं कि बीच का रस्ता निकल कर चर्चा कराई जाए। कोर्ट में जो मामला है उस पर हम चर्चा नहीं करना चाहते हैं। नर्सिंग काउंसिल की पॉलिसी बनाने वाले अधिकारियों पर एक्शन हो। इस पूरे घोटाले को लेकर कांग्रेस पर्दाफाश करेगी। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नए कानूनों के बदलाव को लेकर बधाई दी। सीएम ने कहा की आईपीसी की जगह साक्ष्य अधिनियम में बदलाव किया है। टोल टैक्स को लेकर सरकर ने नियम में परिवर्तन किया है। अवैध वसूली रोकने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सरकार चर्चा के लिए तैयार है। मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने कहा कि सरकार चर्चा करने को तैयार है, लेकिन सदन की परंपरा के साथ चर्चा हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि शालीनता के साथ अपनी बात रखी जाए। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सदन चर्चा के लिए है सभी लोगों की बात आ गई है।

## जियो, एयरटेल, वोडाफोन के रिचार्ज महंगे होंगे

### कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 31 रुपए तक सस्ता, सिम चोरी हुई तो नई 7 दिनों में मिलेगी

**नई दिल्ली।** नया महीना यानी जुलाई अपने साथ कई बदलाव लेकर आया है। 19 किलो वाला कॉमर्शियल गैस सिलेंडर आज से 31 रुपए तक सस्ता हो गया है। वहीं अब आप फोनपे, क्रेड, बिलडेस्क जैसी फिनटेक कंपनियों के जरिए 26 बैंकों के क्रेडिट कार्ड का पेमेंट नहीं कर पाएंगे।

इसके अलावा सिम कार्ड चोरी या डैमेज होने पर अब आपको नया सिम लेने के लिए 7 दिनों का इंतजार करना होगा। पहले ये तुरंत मिल जाती थी। आज से हीरो मोटोकॉर्प की गाड़ियां भी महंगी हो गईं। कंपनी ने कुछ चुनिंदा वाहनों की कीमतें 1,500 रुपए तक बढ़ा दी है।

आज से 19 किलो वाला कॉमर्शियल सिलेंडर 31 रुपए तक



सस्ता हो गया है। दिल्ली में दाम अब 30 रुपए घटकर 1646 रुपए हो गए हैं। पहले ये 1676 रुपए में मिल रहा था। कोलकाता में यह सिलेंडर अब 1756 रुपए में मिल रहा है, पहले इसके दाम 1787 रुपए थे। मुंबई में सिलेंडर 1629 रुपए से 31 रुपए कम हो कर 1598 का हो गया है। चेन्नई में सिलेंडर 1809.50 रुपए का मिल रहा है। हालांकि, 14.2 चत्न वाले घरेलू गैस सिलेंडर के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में यह ?803 और मुंबई में 802.50 का मिल रहा है।

आज से हीरो मोटोकॉर्प की गाड़ियां महंगी हो जाएंगी। कंपनी ने कुछ चुनिंदा वाहनों की एक्स-शोरूम कीमतों को 1,500 रुपए तक बढ़ाने का ऐलान किया है। हीरो मोटोकॉर्प ने बताया कि कमोडिटी प्राइस में बढ़ोतरी के चलते यह फैसला लिया गया है।

इससे पहले कंपनी ने 3 जून 2023 को स्कूटर और बाइक के कुछ मॉडलों की एक्स-शोरूम कीमत करीब 1.5% तक बढ़ाई थी। पिछले वित्त वर्ष यानी 2023-24 में कंपनी ने सबसे ज्यादा 53.95 लाख गाड़ियां बेची थीं।

आज टाटा मोटर्स की कॉमर्शियल गाड़ियां भी 2% तक महंगी हो गई हैं। अलग-अलग मॉडल और वैरिएंट के अनुसार बढ़ोतरी अलग-अलग है। कंपनी ने बताया कि लागत में बढ़ोतरी के चलते यह फैसला लिया गया है। टाटा ने 19 जून को एक्सचेंज फाइलिंग में इस बात की जानकारी दी थी।

जियो, एयरटेल और वोडाफोन आइडिया ने अपने रिचार्ज प्लान महंगे करने का ऐलान किया है। जियो, एयरटेल के प्लान 3 जुलाई से महंगे होंगे, जबकि वोडाफोन के नए प्लान 4 जुलाई से लागू होंगे। जियो ने अपने बेसिक प्लान की कीमत 155 रुपए से बढ़ाकर 189 रुपए कर दी है।

इसी तरह एयरटेल का 179 रुपए वाला सबसे सस्ता प्लान 199 रुपए में मिलेगा। इसमें 28 दिन की वैलिडिटी, अनलिमिटेड कॉलिंग और 2 जीबी डेटा मिलता है। वहीं 265 रुपए वाला प्लान 299 रुपए में मिलेगा। वहीं वीआई का भी 179 रुपए वाला सबसे सस्ता प्लान 199 रुपए में मिलेगा।

# यातायात पुलिस द्वारा अभियान चलाकार स्कूल वाहनो का किया गया औचक निरीक्षण

## स्कूली बच्चों के सुरक्षित एवं सुगम परिवहन हेतु दी गई समझाइस

**सिंगरौली।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता सिंगरौली के निर्देशन में एवं शिव कुमार वर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिगरौली एंव पीएस परस्ते सीएसपी विन्ध्यनगर के मार्गदर्शन में स्कूल वाहनो का यातायात पुलिस द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, एवं यातायात नियमों की जागरुकता हेतु लगातार यातायात प्रर्वतन की कार्यवाही की जा रही है, शैक्षाणिक सत्र 2024-25 प्रारंम्भ हो चुका है, जिस तारतम्य में आज दिनांक 01-07-2024 को यातायात पुलिस द्वारा इन्द्राचौक, पुराना यातायात तिराहा, सेन्ट जोसेफ स्कूल तिराहा, राजीव चौक, निगाही मोड, जंयत बस पडाव पर अलग-अलग टीम लगाया जाकर 50 से अधिक स्कूल बस/मैजिक/वैन/आटो की संघन जॉच की गई, जिसमे शासन द्वारा स्कूली बच्चो के परिवहन एंव स्कूली वाहनो हेतु जारी




दिशा-निर्देशो का पालन नहीं किए जाने वाले वाहनों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही की गई एंव शासन के दिशा-निर्देशो का पालन किए जाने की समझाइस दी गई। म.प्र. शासन द्वारा शैक्षणिक संस्थाओ हेतु जारी राजपत्र क-388 दिनांक 18 सितम्बर 2019 के बिन्दु कमांक 04 में शैक्षणिक वाहनो के चालक एंव परिचालको की नियुक्त की शर्ते उनके कर्तव्य एंव आचरण, के निर्देश है एंव बिन्दु कमांक 06 में विद्यार्थियो के सुरक्षित परिवहन संबंधी दिशा-निर्देश जारी किए गए है।स्कूल बसों से स्कूली बच्चों के सुरक्षित परिवहन के संबध में स्कूल बस ऑपरेटर, स्कूल प्रबंधन, बच्चों के अभिभावक के द्वारा स्कूली छात्रों के परिवहन एवं उनकी सुरक्षा के संबंध में निम्नाकिंत निर्देशों का पालन किया जाना आवश्यक है स्कूल बस पीले रंग की हो स्कूल वाहनों के आगे पीछे स्कूल बस अंकित हों एवं किराये की होने की दशा में ऑन स्कूल ड्युटी अंकित हों। स्कूल बसों में प्राथमिक उपचार पेटी हों। बस में निर्धारित मानकों का स्पीड गर्वनर लगा हों । बसों में अग्निशामक यंत्र हों। बसों में स्कूल बैग टांगने की व्यवस्था हों। बसों में दरवाजों पर मजबूत ताले हों। बसों में बच्चों को सम्हालने हेतु शिक्षित व प्रशिक्षित अटेन्डर हों । यह व्यवस्था हो कि विद्यालय का कोई भी शिक्षक या शिक्षिका अथवा बच्चों के अभिभावक सुरक्षा की सकें। व्यवस्था देखने के लिये स्कूल वाहनों का निरीक्षण कर बस पर नियुक्त चालक का वर्ष में एकाधिक बार चालान न हुआ हो तथा वह तीव्र गति से वाहन चालन का दोषी ना हो वाहन नही चलवाया जावेगा। अप्राधिकृत व्यक्ति से स्कूल 12 बसों की खिडकियों पर सरियों की जाली हो। बस पर स्कूल का नाम व दूरभाष क्रमांक अंकित हो। चालक कम से कम 5 वर्ष पुराना भारी यात्री वाहन चलाने का लायसेंस हो। उक्त निर्देशो का पालन नहीं किए जाने वाले वाहनो के विरूद्ध अभियान चलाकर वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।सिंगरौली पुलिस द्वारा उपरोक्त निर्देशो का पालन किए जाने हेतु समस्त अशासकीय एव शासकीय स्कूल प्रबंधन एवं बस आपरेटरों से अपील करती है सराहनीय भूमिका उनि अभिषेक पाण्डेय, सउनि सुरेश शुक्ला, हॉमिद खॉन, प्रआर. पुष्पेन्द्र, आर. प्रवेश तिवारी एंव अन्य समस्त यातायात स्टॉप की सराहनीय योगदान रहा।

# एनसीएल ने देश में सौर ऊर्जा की संभावनाओं पर आयोजित किया प्रशिक्षण कार्यक्रम

**सिंगरौली।** भारत सरकार की सिंगरौली स्थित मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफ़ील्डस लिमिटेड न केवल राष्ट्र की ऊर्जा जरूरतों में निरंतर सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है अपितु व्यावसायिक विविधीकरण और सतत विकास के लिए भी निरंतर कार्य कर रही है। इसी क्रम में कंपनी ने डेलोइट के साथ मिलकर सौर ऊर्जा के संबंध में एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का एमडीआई, सिंगरौली में आयोजन किया। इस कार्यक्रम में सीएमडी, एनसीएल बी. साईराम, निदेशक (वित्त) रजनीश नारायण, निदेशक (तकनीकी /संचालन) जितेंद्र मलिक, निदेशक (तकनीकी /परियोजना व योजना) सुनील प्रसाद सिंह उपस्थित रहे। बतौर विषय-विशेषज्ञ डेलोइट से रजनीश शर्मा और प्रभात लखेरा ने कार्यक्रम की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस विशिष्ट प्रशिक्षण के दौरान अक्षय ऊर्जा व सौर ऊर्जा के लिए जरूरी नीतिगत परिवेश,



नियमावलियों व इसके लिए मौजूद वैश्विक व भारतीय बाजार परिदृश्य पर व्यापक विमर्श हुआ। इस दौरान सौर ऊर्जा के संदर्भ में विपणन संभावनाएँ, तकनीकी प्रशिक्षण, सिमुलेशन, परियोजना प्रबंधन, परिचालन प्रबंधन, सर्वोत्तम प्रथाओं का निर्धारण, वाणिज्यिक संरचना व निविदा एवं वित्तीय प्रबंधन पर भी गहन मंथन व परिचर्चा हुआ। इस प्रशिक्षण में एनसीएल की विभिन्न परियोजनाओं एवं इकाईयों से 68 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमें मुख्य रूप से विद्युत एवं यांत्रिकी, वित्त, कॉर्पोरेट प्लानिंग व अनुसंधान एवं विकास विभाग से जुड़े हुए एनसीएल के युवा अधिकारी सम्मिलित हुए। उल्लेखनीय है कि एनसीएल ने पहले ही 50 मेगावाट का सौर ऊर्जा संयंत्र चालू कर दिया है और 250 मेगावाट की अतिरिक्त सौर ऊर्जा क्षमता स्थापित करने की दिशा में तेजी से काम कर रही है।

# एनटीपीसी विंध्याचल में सीआईएसएफ को मिली फ्री बस सेवा



**सिंगरौली।** एनटीपीसी विंध्याचल में सीआईएसएफ इकाई हेतु मानव संसाधन प्रबंधन द्वारा दिनांक 01.07.2027 से फ्री बस सेवा प्रदान की गई। फ्री बस सेवा का उदघाटन 01 जुलाई 2024 को प्रबंधन द्वारा 52 सीटर बस सीआईएसएफ इकाई को समर्पित की गई।यह बस सेवा मे मुख्य रूप से सीआईएसएफ़ जवान के ड्यूटी आवागमन तथा सीआईएसएफ़ के विद्यालयीन बच्चों के लिए स्कूल तक लाना व वापस लाना शामिल है। उद्घाटन समारोह में बस के आवागमन की समय सारणी एवं रूट से अधिकारियों को अवगत कराया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) ई. सत्य फणि कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (ओएम) समीर शर्मा, एवं सीआईएसएफ़ कमांडेंट पंकज बलियान, मानव संसाधन प्रमुख राकेश अरोड़ा,अपर महाप्रबंधक (सीएम) आनंद बाजपेयी,अपर महाप्रबंधक (पीएस) मनोज रजक, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) कुन्दन किशोर,वरिष्ठ प्रबन्धक (सीएम) अजय पाल और सीआईएसएफ़ जवान सहित अन्य कंपनी के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# कलेक्ट्रेट कार्यालय में किया गया वंदे मातरम का सामूहिक गायन

**सिंगरौली।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक माह के प्रथम दिवस वंदे मातरम का सामूहिक गान कार्यालय कलेक्ट्रेट सिंगरौली में किया जाता है। इसी क्रम में जुलाई माह के प्रथम दिवस की कार्यालयीन कार्यो की सुरूआत वंदे मातरम गान के पश्चात प्रारंभ हुई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अरविंद झा, अपर कलेक्टर पी.के सेन गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय, एसडीएम सृजन बर्मा, डिप्टी कलेक्टर माइकेल तिर्की सहित कलेक्ट्रेट के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एक पेड़ मॉ के नाम अभियान अंतर्गत 5 जुलाई से किया जायेगा वृक्षारोपण

**सिंगरौली।** पीएम जन मन योजना अंतर्गत जिले के चिन्हित बैगा बसाहटो को आदर्श ग्राम की तर्ज पर शीघ्र विकशित किया जायेगा साथ ही इन ग्रामो में सभी मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराई जायेगी। एक पेड़ मॉ के नाम अभियान के तहत वृक्षा रोपण का कार्य 5 जुलाई से प्रारंभ किया जायेगा। अभियान में जिले में कार्यरत समस्त अधिकारी कर्मचारी कम से कम एक पेड़ लगाये तथा पूरी जिम्मेदारी के साथ पेड़ो की रक्षा भी करे उक्त आशय के निर्देश कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित टीएल बैठक के दौरान कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा उपस्थित अधिकारियो कर्मचारियो को दिया गया।बैठक के दौरान कलेक्टर द्वारा पीएम जन मन योजना के प्रगति की समीक्षा की गई।तथा निर्देश दिये गये कि योजना अंतर्गत चिन्हित बैगा बसाहटो को आदर्श ग्राम के रूप




में विकाशित किया जायेगा। इन ग्रामों में पक्के आवास मुहैया कराये जायेगे जिन में बिजली एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था रहेगी। उन्होंने कहा कि इन बसाहटो में मूलभूत सुविधाएं जैसे स्ट्रीट लाईट, उप स्वास्थ्य केन्द्र, आगनवाड़ी भवन तथा विद्यालय भी रहेंगे। इस अभियान के लिए कलेक्टर ने जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियो को ऐसे ग्राम जिन्हे आदर्श ग्राम के रूप में विकशित किया जाना है उनकी सूची उपलंब्ध कराये। उन्होंने निर्देश दिये कि बैगा परिवारो को केन्द्र एवं राज्य सरकार सभी जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से लाभान्वित कराये कोई भी पात्र हितग्राहियो योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे।कलेक्टर ने निर्देश दिये कि हरियाली महोंत्सव के दौरान निर्धारित लक्ष्य के अनुसार सभी विभागीय अधिकारी कर्मचारी वृक्षारोपण किया जाना सुनिश्चित करेगे। इस अभियान का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किया जाये ताकि बच्चो को पर्यवरण एवं ग्लोबल बार्मिग की समस्याओं से अवगत कराया जा सके। साथ ही विद्यालयो में अध्ययनरत छात्र छात्राओ के माध्यम से भी वृक्षारोपण कराया जाना सुनिश्चित करे। कलेक्टर ने नगर निगम आयुक्त को इस आशय के निर्देश दिये कि नगरीय क्षेत्र में पर्यवरण को दृष्टिगत रखते हुये वृहद स्तर पर वृक्षारोपण कराया जाये जिसमें जन प्रतिनिधियों को भी शामिल किया जाये। अभियान अंतर्गत लगाये गये वृक्षो की चेन फेसिंग कर देख रेख किया जाना सुनिश्चित किया जाये।कलेक्टर ने सभी उपखण्ड अधिकारियों को इस आशय के निर्देश दिये कि शैक्षणिक संत्र प्रारंभ हो गया है अपने अपने क्षेंत्रो के प्राथमिक, मीडिल, हाईस्कूल, हायर सेकन्ड्री विद्यालयों , छात्रावासों का स्वंय एवं अपने अधिनस्थ अमले के द्वारा आकस्मिक निरीक्षण कराये कि विद्यालय निर्धारित समय पर खुल रही है छात्रों की नियमित संख्या कितनी है साथ मध्यान भोजन गणवेश के वास्तु स्थित के प्रगति की जानकारी से अवगत करायें।कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को यह भी निर्देश दिये कि अपने क्षेत्र भ्रमण के दौरान उचित मूल्य दुकानों का भी औचक निरीक्षण करे तथा यह देखे कि दुकाने समय पर खुली है कि नही पात्र हितग्राहियो को पात्रता अनुसार राशन मिल रहा है कि नही यदि किसी भी बिक्रेता के द्वारा राशन वितरण में कालाबाजारी की जा रही है तो संबंधित के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराने की कार्यवाही कर उसका लायसेंस निरंस्त किय जाये।

# चितरंगी में नए कानून व्यवस्था को लेकर थाना में बैठक

## भारतीय न्याय संहिता के लागू होने पर लोगों को दी गई जानकारी

**सिंगरौली।** जिले अंन्तर्गत चितरंगी थाना परिसर में नये कानून को लेकर सोमवार को अति आवश्यक बैठक किया गया। जिसमें एसडिओपी आशीष जैन के द्वारा नये कानून के बारे में मौजूदा लोगों को बखूबी से जानकारी दिया गया।एसडिओपी ने बताया कि आज से आईपीसी इंडियन पब्लिक कोड में बदलाव किया गया है। अब बीएनएस भारतीय न्याय संहिता के लागू होने पर नए कानून की कई धाराओं में मामले दर्ज किए जाएंगे। गंभीर अपराध, धोखाधड़ी, बलात्कार, महिला उत्पीड़न की धाराओं में परिवर्तन किया गया है। बताया कि इंडियन पब्लिक कोड



भारतीय दंड संहिता की जगह अब भारतीय न्याय संहिता लाया गया है। इसमें धारा कम की गई हैं। देश में आज से नई कानून व्यवस्था भारतीय न्याय संहिता लागू हो गया है। आज से दर्ज मामलों में नए प्रावधान के अनुसार धारा लगाया जाएगा। जबकि पहले से दर्ज मामले पुराने धारा के तहत ही निस्तारित किया जाएगा। यह जानकारी एसडिओपी आशीष जैन ने दी। 1 जुलाई से देश में तीन कानून लागू हो गए हैं। जिसमें भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता भारतीय न्याय संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम शामिल है। इन तीनों कानून को नए सिरे से लाया गया है। पुराने कानून की अपेक्षा इसमें कुछ बदलाव किया गया है। कुछ पुरानी धारा हटाई गई हैं, तो कुछ नई धाराएं जोड़ी गई हैं। जिसके चलते कानून प्रक्रिया में बदलाव आएगा।मारपीट संबंधी प्रकरण, महिला व विवाहित महिला संबधित अपराध, चोरी व लूट संबधित अपराध, डकैती, सड़क दुर्घटना, बालक संबधित व अन्य अपराध संबधित धाराओं के बारे में सम्पूर्ण जानकारी दिया गया।

# 7 सहायक उप निरीक्षक हुए पदोन्नति

**सिंगरौली।** पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा सहायक उप निरीक्षक पद से उप निरीक्षक पद पर पुलिस अधिकारियो को पदोन्नति आदेश जारी किया गया। इसी क्रम में जिले में पदस्थ 7 सहायक उप निरीक्षक को पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता सिंगरौली एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा, जिला सिंगरौली द्वारा सहायक उप निरीक्षको के कंधो पर एक स्टार के साथ एक और स्टार लगाकर कार्यवाहक उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नति हेतु बधाईयां एवं शुभकामनाए दी। पदोन्नद हुये कार्यवाहक उप निरीक्षको के साहबलाल सिंह, अशोक कुमार दिवेदी, राजकुमार त्रिपाठी, विनोद कुमार सिंह, कृष्ण प्रताप सिंह, रुद्र प्रताप सिंह, जितेन्द्र सिंह चौहान शमिल है।

# नए कानून को लेकर बरगवां पुलिस द्वारा जनसंवाद आयोजित

**सिंगरौली।** आज से देश भर में तीन नए कानून लागू हो गए हैं। इसमें 1860 में बनी आईपीसी की जगह भारतीय न्याय संहिता ने ले ली है। इसी तरह 1898 में बनी सीआरपीसी की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और 1872 के इंडियन एविडेंस एक्ट की जगह भारतीय साक्ष्य अधिनियम ने ले ली है। इस नए भारत में नया विधान लागू होते ही प्रदेश भर में पुलिस अधिकारी अपने थाना क्षेत्र में जन संवाद आयोजित कर लोगों को नए कानून की जानकारी देने में लगे हैं। किसी तारतम में सोमवार शाम बरगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत नगर परिषद भवन के सामुदायिक केंद्र में सिंगरौली पुलिस अधीक्षक



श्रीमती निवेदिता गुप्ता के निर्देशन पर थाना प्रभारी निरीक्षक शिवपूजन मिश्रा ने जन संवाद कार्यक्रम आयोजित कर स्थानीय गणमान्य नागरिकों समेत आसपास के आये ग्रामीण अंचल के प्रबुद्ध जनों समेत आम नागरिकों को नए कानून प्रणाली के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने सभी को आश्वस्त करते हुए कहा की नई कानून व्यवस्था आम लोगों के हित में है। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग भी लोकतांत्रिक व्यवस्था के अंतर्गत है। अत: पुलिस पर भरोसा करें और हर सूक्ष्म जानकारी पुलिस से साझा करें, जिससे अपराध को रोकने में मदद मिल सके। इससे लोगों का पुलिस पर और पुलिस का लोगों पर विश्वास बना रहेगा। निरीक्षक ने कहा नए कानून व्यवस्था का मुख्या लक्ष्यि ऐसी आपराधिक न्यानय प्रणाली बनाना है, जो नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के साथ-साथ कानून व्य वस्थान को भी मजबूती देती है, जिससे सभी के लिये सुलभ एवं त्वषरित न्याा्य सुनिश्चित हो। यह सुधार भारत में एक निष्प क्ष, आधुनिक व न्या यपूर्ण ढांचे की दिशा में एक महत्वूचपर्ण कदम है।

# एनटीपीसी-विंध्याचल द्वारा कर्मचारियों के सेवानिवृत होने पर दी गई भावभीनी विदाई

**सिंगरौली।** एनटीपीसी-विंध्याचल परियोजना मैं दिनांक 30.06.2024को अपनी दीर्घ सेवा देने के पश्चात कुल 10 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। एनटीपीसी-विंध्याचल प्रबंधन द्वारा सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों का सम्मान समारोह परियोजना के उमंग भवन के सभागार में किया गया।स्वागत की कड़ी में परियोजना प्रमुख(विंध्याचल) ई. सत्य फणि कुमारनें सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों का पुष्पमाला से स्वागत किया। साथ ही परियोजना की यूनियन/एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने भी पुष्पमाला पहनाकरअतिथि कर्मचारियों का स्वागत किया। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख(विंध्याचल) ई. सत्य फणि कुमार नेंसभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की सराहना



करते हुए कहा कि एनटीपीसी-विंध्याचल को वर्तमान ऊंचाइयों तक पहुंचाने में आपके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा और एनटीपीसी-विंध्याचल सदा ही आपकी सेवा के लिए आपका कृतज्ञ रहेगा। इसी कड़ी मे विभागाध्यक्षों ने भी सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को अपने जीवन की नई पारी की नए सिरे से शुरुआत करने हेतु शुभकामनायें दीं तथा सभी के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। सम्मान की कड़ी में सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों को मुख्य परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार एवं अन्य महाप्रबंधकगणोंनें श्रीफल, शाल एवं स्मृति-चिन्ह से सम्मानित किया । साथ ही सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को सम्मानित करते समय उनके परिजनों को आमंत्रित कर इस भावुक क्षण को उनके लिए यादगार बनाने का प्रयास किया गया । इसके अतिरिक्त सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को एनटीपीसी मैं उनके द्वारा दी गई दीर्घ सेवाओं के लिए दीर्घ सेवा प्रमाण-पत्र आदि भी प्रदान किया गया । तत्पश्चात सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों ने बारी-बारी से एनटीपीसी से जुड़ी अपनी यादों को साझा किया। सभी नें एनटीपीसी में अपने बिताए समय को अविस्मरणीय कहा । उन्होने कहा कि उनकी पहचान एनटीपीसी के कारण ही बनी है और वे अपने आप को गौरवान्वित महसूस करते हैं। इसी के साथ सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों ने सभी सहकर्मियों को उनके सहयोग एवं सानिध्य के लिए विशेष तौर से धन्यवाद दिया।


## कार्यालय नगर पालिक निगम सिंगरौली (म.प्र.)

क्रमांक/1829/राजस्व/2024 सिंगरौली दिनांक 01.07.2024

### इश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम सिंगरौली के ई.डब्ल्यू.एस. कालोनी बैढ़न वार्ड क्रमांक -40 तहसील व जिला सिंगरौली म.प्र. में स्थित भूखण्ड क्रमांक 39 साईज 20 X 30 फिट कुल क्षेत्रफल 600 वर्गफिट श्री अलाउद्दीन पिता फतेह मोहम्मद निवासी सलायाडीह घिवही तहसील दुद्धी जिला सोनभद्र उ.प्र. हाल पता ग्राम व पोस्ट बैढ़न तहसील व जिला सिंगरौली म.प्र. के नाम से लीज पर आवंटित किया गया था लीज ग्रहिता के द्वारा लीज डीड के शर्तो के अधीन उक्त भूखण्ड का नामान्तरण अब्दुलबारी खॉ पिता श्री अब्दुल हई खान निवासी सिकन्दरपुर तहसील बकिया जिला चन्दौली उ.प्र. हाल पता ग्राम व पोस्ट बैढ़न तहसील व जिला सिंगरौली म.प्र. के नाम से किए जाने हेतु लीज डीड का पंजीयन कराया गया है। तत्पश्चात अब्दुल बारी खॉ पिता श्री अब्दुल हई खान के द्वारा नामान्तरण के कार्यवाही हेतु इस कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है जो कार्यवाही हेतु विचाराधीन है।

अत: उक्त भूखण्ड क्रमांक 39 का नामान्तरण अब्दुल बारी खॉ पिता श्री अब्दुल हई खान निवासी सिकन्दरपुर तहसील बकिया जिला चन्दौली उ.प्र. हाल पता ग्राम व पोस्ट बैढ़न तहसील व जिला सिंगरौली म.प्र. के नाम से किए जाने से यदि किसी व्यक्ति/संस्था का हक प्रभावित हो रहा हो तो इस इश्तहार जारी किए जाने के दिनांक से 15 दिवस के अंदर निगम कार्यालय में विधिवत आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियां विधिमान्य नहीं होगी।

उपायुक्त
नगर पालिक निगम
सिंगरौली

## कार्यालय नगर पालिक निगम सिंगरौली (म.प्र.)

क्रमांक/1826/राजस्व/2024 सिंगरौली दिनांक 01.07.2024

### इश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम सिंगरौली के गनियारी आवासीय योजना क्रमांक-2 वार्ड क्रमांक 41 तहसील व जिला सिंगरौली म.प्र. में स्थित भूखण्ड क्रमांक 12 साईज 09 X 15 मीटर कुल क्षेत्रफल 135 वर्गमीटर श्री बसंत कुमार जैन पिता श्री मानकलाल जैन निवासी असाटी वार्ड क्रमांक 02 तहसील दमोह जिला दमोह म.प्र. के नाम से लीज पर आवंटित किया गया था लीज ग्रहिता के द्वारा लीज डीड के शर्तो के अधीन उक्त भूखण्ड का नामान्तरण श्री राकेश कुमार जैन पिता स्व. ज्ञानचन्द्र जैन निवासी गनियारी तहसील व जिला सिंगरौली म.प्र. के नाम से किए जाने हेतु लीज डीड का पंजीयन कराया गया है। तत्पश्चात श्री राकेश कुमार जैन पिता स्व. ज्ञानचन्द्र जैन के द्वारा नामान्तरण के कार्यवाही हेतु इस कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है जो कार्यवाही हेतु विचाराधीन है।

अत: उक्त भूखण्ड क्रमांक 12 का नामान्तरण श्री राकेश कुमार जैन पिता स्व. ज्ञानचन्द्र जैन निवासी गनियारी तहसील व जिला सिंगरौली म.प्र. के नाम से किए जाने से यदि किसी व्यक्ति/संस्था का हक प्रभावित हो रहा हो तो इस इश्तहार जारी किए जाने के दिनांक से 15 दिवस के अंदर निगम कार्यालय में विधिवत आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियां विधिमान्य नहीं होगी।

उपायुक्त
नगर पालिक निगम
सिंगरौली

# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में दीक्षारंभ समारोह का हुआ शुभारंभ

## नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं का किया गया स्वागत एवं उन्मुखीकरण




**सीधी।** मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस संजय गांधी स्मृति शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी में सत्र 2024-25 के नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं के उन्मुखीकरण एवं महाविद्यालय से परिचय हेतु तीन दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम का आज शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम सीधी जिले के अपर कलेक्टर राजेश शाही के मुख्य आतिथ्य एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पी के सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन तथा सरस्वती वंदना के साथ हुआ।

अपर कलेक्टर राजेश शाही ने छात्र-छात्राओं को परिश्रम, अनुशासन, धैर्य एवं समर्पण पर जोर देते हुए नए आयाम स्थापित करने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ पी.के. सिंह ने महाविद्यालय के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के रूप में उन्नयन का उद्देश्य, महाविद्यालय की विकास यात्रा एवं इस सत्र से प्रारंभ हो रहे नवीन पाठ्यक्रमों तथा इसके पीछे मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग की मंशा इत्यादि की विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ रावेंद्र बहादुर सिंह ने संस्था को कैसे उत्कृष्ट बनाया जाए इस पर अपनी बात कही। उद्घाटन सत्र का सफल संचालन महाविद्यालय के प्रोफेसर डॉ अनिल कुमार सिंह ने किया जबकि आभार प्रदर्शन प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस के सहायक नोडल अधिकारी डॉ अश्वनी द्विवेदी ने किया।

द्वितीय सत्र में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्य, पाठ्यक्रम, विषय वस्तु, विषय का चयन इत्यादि पर डॉ. उमाकांत साहू ने विस्तृत जानकारी प्रदान किया, जबकि परीक्षा प्रणाली के संदर्भ में महाविद्यालय की परीक्षा नियंत्रक डॉ. प्रभाकर सिंह ने छात्र-छात्राओं को परिचित कराया। द्वितीय सत्र का सफल संचालन डॉ आशुतोष पाण्डेय ने किया।

तीन दिवस तक चलने वाले दीक्षारंभ कार्यक्रम के प्रथम दिवस के दोनों सत्रों में नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को महत्वपूर्ण विषयों से अवगत कराया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सिंह ने सत्र 2024-25 के लिए नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं से आग्रह किया है कि 2 एवं 3 जुलाई को भी सुबह 9 बजे महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में उपस्थित होकर करियर उन्नयन एवं महाविद्यालय के संबंध में दी जाने वाली सभी जानकारी को प्राप्त करें तथा सभी नव प्रवेशित छात्र-छात्राएं अधिक से अधिक संख्या में महाविद्यालय आए जिससे दीक्षारंभ कार्यक्रम के माध्यम से दी जाने वाली सभी जानकारियों का लाभ ले सकें।

## जिले में औसत वर्षा 65.3 मि.मी. दर्ज, सर्वाधिक वर्षा रामपुर नैकिन में

**सीधी।** अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 01 जुलाई को सीधी जिले में 28 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 100 मि.मी., चुरहट में 5.0 मि.मी., गोपद बनास में 10.2 मि.मी., सिहावल में 18.0 मि.मी., बहरी में 4.6 मि.मी., मझौली में 13.0 मि.मी. और कुसमी में 45.0 मि.मी. वर्षा हुई है।

उल्लेखनीय है कि जिले में अब तक 65.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। 01 जून से 01 जुलाई तक तहसील रामपुर नैकिन में सर्वाधिक वर्षा 144.1 मि.मी. दर्ज की गई है। तहसील चुरहट में 10.0, गोपद बनास में 45.2, सिहावल में 24.4, बहरी में 43.4 मझौली 74.0 मि.मी. और कुसमी में 116.0 मि.मी. औसत वर्षा हुई है जबकि गतवर्ष इसी अवधि में जिले में 109.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई थी। गतवर्ष की तुलना में इस वर्ष 44.4 मि.मी. औसत वर्षा कम हुई है।

# शासकीय महाविद्यालय मड़वास में दीक्षारम्भ समारोह का शुभारंभ



**सीधी।** शासकीय महाविद्यालय मड़वास में तीन दिवसीय दीक्षारम्भ कार्यक्रम का शुभारंभ कृष्णलाल पयासी सदस्य जिला पंचायत सीधी के मुख्य आतिथ्य, धीरेश मिश्रा एवं शिवेंद्र तिवारी के विशिष्ट आतिथ्य तथा प्राचार्य डॉ आई पी प्रजापति के अध्यक्षता में किया गया। महाविद्यालय में कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर व पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ राजेश पटेल ने किया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य श्री पयासी ने छात्रों को शिक्षा का महत्व समझाया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आई पी प्रजापति ने महाविद्यालय का परिचय देते हुए नवप्रवेशित छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। डॉ. निशा सिंह ने महाविद्यालय के अधिकारियों, अतिथि विद्वानों तथा कर्मचारियों का परिचय दिया तो वही डॉ कमलेश जायसवाल ने नई शिक्षा नीति के विभिन्न पाठ्यक्रमों का उल्लेख करते हुए मेजर, माइनर और ओपन इलेक्टिव के अंतर को समझाया।

दीक्षारम्भ कार्यक्रम के अवसर पर महाविद्यालय परिसर में मुख्य अतिथि श्री पयासी के नेतृत्व में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के डॉ. दीपक अग्निहोत्री, डॉ कमलेश जायसवाल, डॉ. अनुराग तिवारी, डॉ पंकज मिश्रा, डॉ. लक्ष्मीकांत कुशवाहा, प्रवीण साकेत, दीपराज प्रजापति, डॉ संगीता मिश्रा, डॉ ज्योति रजक, डॉ. सौरभी गुप्ता, डॉ संध्या वर्मा, डॉ. अमिता खरे सहित नवप्रवेशित छात्र/छात्राएं उपस्थित थे।

## जन्म-मृत्यु पंजीयन के रिवैम्प्ड सीआरएस पोर्टल का प्रशिक्षण 04 जुलाई को

**सीधी।** जन्म मृत्यु पंजीयन के रिवैम्प्ड सीआरएस पोर्टल पर कार्य करने में जिले की पंजीयन इकाईयों में आ रही कठिनाईयों को दृष्टिगत रखते हुए प्रथम चरण में जिला स्तर पर जनगणना कार्य निदेशालय भोपाल के अधिकारियों द्वारा प्रशिक्षण दिया जायेगा।

कलेक्टर एवं अतिरिक्त मुख्य रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) स्वरोचिष सोमवंशी ने रजिस्ट्रार (जन्म-मुत्यु) एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सीधी/सिहावल/रामपुर नैकिन/मझौली/कुसमी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद सीधी एवं नगर पंचयात चुरहट/रामपुर नैकिन/मझौली एवं समस्त खण्ड चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया है कि अर्द्ध दिवसीय प्रशिक्षण दिनांक 04.07.2024 को कार्यालय कलेक्ट्रेट सभाकक्ष जिला सीधी में समय दोपहर 12 बजे से 04 बजे तक शाखा प्रभारी एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

## कलेक्ट्रेट में किया गया राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान का गायन



**सीधी।** जुलाई माह के कार्य का आगाज राष्ट्रगान एवं राष्ट्रगीत के गायन के साथ अपर कलेक्टर राजेश शाही की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट परिसर में संपन्न हुआ।

इस मौके पर उपखण्ड अधिकारी कुसमी एस. पी. मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## उपेंद्र द्विवेदी के थल सेना अध्यक्ष बनने पर विन्ध्य हुआ गौरवान्वित : सांसद



**सीधी।** लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने रीवा जिले के निवासी उपेंद्र द्विवेदी को भारतीय थल सेवा का अध्यक्ष बनने पर ढेर सारी बधाइयां और शुभकामनाएं दी है। सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने कहा कि श्री द्विवेदी के थल सेना अध्यक्ष बनने पर पूरा विंध्य गौरवान्वित हुआ है। विंध्य की धरती पुण्य भूमि है और यहां से निकले हुए कई लाडलो ने विंध्य के नाम को गौरवान्वित किया है। सांसद डॉक्टर राजेश मिश्रा ने श्री द्विवेदी के उज्जवल भविष्य और स्वर्णिम कार्यकाल की कामना की है। रीवा सैनिक स्कूल के पूर्व विद्यार्थी जनरल उपेंद्र द्विवेदी को भारतीय थल सेना के 30 वें अध्यक्ष का पदभार संभालने पर हार्दिक शुभकामनाएं।

### सीधी में संपन्न हुआ भारतीय मजदूर संघ का अधिवेशन, नई कार्यकारणी का हुआ गठ्न

## आनन्द तिवारी जिला अध्यक्ष एवं दीपनारायण द्विवेदी पुनः बने जिलामंत्री

**सीधी।** भारतीय मजदूर संघ जिला इकाई सीधी के जिला मंत्री दीप नारायण द्विवेदी ने प्रेस विज्ञप्ति को जानकारी देते हुए बताया कि गुरूवार को दोपहर 1 बजे से 5 बजे तक माघव सदन जिला सीधी में अधिवेशन आयोजित किया गया। जिसमें अधिवेशन के मुख्य अतिथि दिनेश शुक्ला प्रदेश उपाध्यक्ष भोपाल विशिष्ट अतिथि श्रीमती संध्या मिश्रा राष्ट्रीय कार्य समिति सदस्य नई दिल्ली, रमन चैकीकार विभाग प्रमुख सीधी-सिंगरौली की उपस्थित में अधिवेशन की प्रक्रिया शुरू की गई प्रथम सत्र में संघ के रीति नीति के अनुसार अतिथियों द्वारा भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर एवं श्रम गीत का गायन मंगला प्रसाद द्विवेदी अध्यक्ष राज्य कर्मचारी संघ द्वारा किया गया। इसके पश्चात सभी उपस्थित पदाधिकारियों का परिचय पश्चात जिला अध्यक्ष आनंद तिवारी द्वारा स्वागत भाषण दिया गया विशिष्ट अतिथि बहन संध्या मिश्रा द्वारा भारतीय मजदूर संघ के 70 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संगठनात्मक एवं बौद्धिक उद्बोधन दिया मुख्य अतिथि दिनेश शुक्ला प्रदेश उपाध्यक्ष ने संगठनात्मक एवं बौद्धिक उद्बोधन दिया। विभाग प्रमुख सीधी सिंगरौली रमन चैकीकार ने भी अपना उद्बबोधन मे संगठन को कैसे आगे बढ़ाया जाए इसके विषय में सभी कार्यकर्ताओं से चर्चा की गई और कई संगठना त्मक विषयों में चर्चा की प्रथम सत्र का समापन जिला अध्यक्ष आनंद तिवारी ने किया द्वितीय सत्र के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी दिनेश शुक्ला के द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया के अंतर्गत पैनल मांगा गया पैनल दिए जाने के पश्चात निर्वाचन अधिकारी के द्वारा निर्वाचित पदाधिकारी की घोषणा की गई।

# बड़े बाबू कौशल वर्मा,मोहन सोंधिया हुए सेवानिवृत्त



**रीवा।** नगर पालिक निगम रीवा की जल प्रदाय शाखा धोबिया टंकी में पदस्थ बड़े बाबू कौशल वर्मा एवं कर्मचारी मोहन सोंधिया दिनाँक 1जुलाई 2024 को सेवानिवृत्त हुए। कार्यक्रम में सर्वप्रथम एस.डी.ओ श्री एस.एन. द्विवेदी, एस.डी.ओ श्री एस.के.सिंह,सब इंजी.श्री रवि तिवारी द्वारा माल्यार्पण,तिलक लगाया गया और शाल, श्रीफ़ल, रामचरितमानस, एवं छड़ी देकर भावभीनी विदाई में सम्मानित किया गया। सभी पीएचई कर्मचारियों ने सेवानिवृत्त हुए कौशल वर्मा जी एवं मोहन सोंधिया जी को पुष्प गुच्छ देकर भावभीनी विदाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।इस अवसर पर बड़े बाबू ने कहा कि जल प्रदाय शाखा धोबिया टंकी एक परिवार जैसा था।जिसमें सभी उच्च अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने मेरे कार्यकाल में भरपूर सहयोग और प्यार दिया।जिसका मैं सदैव आभारी रहूंगा। विदाई समारोह में मुख्य रूप से बड़े बाबू महेंद्र रावत, संतोष पालीवाल, गणेश गौतम, महेंद्र शुक्ला, मनोज अग्रवाल, अशोक वर्मा,जानकी त्रिपाठी, देवशरण शर्मा, यूसुफ खान, ओंकार वर्मा, दिनेश नायक, रामप्रसाद शर्मा, रामभजन कोल,राधेश्याम सिंह, श्यामलाल सेन,रामसुंदर साकेत, रामकली, धोखिया बाई, रामनिरंजन विश्वकर्मा, शंकरदीन कुशवाहा, सूरज कोल, हरिशंकर सिंह, अशोक सोंधिया, धनेंद्र सोंधिया, अरुण सोंधिया, रामाधार यादव, रामलाल दहिया, सुखराम साकेत, रामप्रकाश दहिया आदि कर्मचारियों ने सेवानिवृत्त बंधुओ के सुखद जीवन की कामना की।

# थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने वाले के बयान का होगा वीडियो रिकॉर्ड: कमिश्नर

### कमिश्नर ने नगर वासियों को भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा अधिनियम व साक्ष्य अधिनियम में संशोधन की दी जानकारी

**शहडोल**

कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बीएस जामोद एवं एडीजीपी शहडोल जोन श्री डीसी सागर ने रविवार को शहडोल नगर मे नगर वासियों को भारतीय दंड संहिता के नए बदलाव के बारे में जानकारी देने हेतु फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च के दौरान कमिश्नर ने नगर वासियों को बताया कि भारत सरकार ने भारतीय दंड संहिता, सीआरपीसी एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम इन नियमों में संशोधन कर नए प्रकार के कानून बनाए गए है जो कि 1 जुलाई 2024 से लागू हो जाएंगे। उन्होंने बताया कि अब भारतीय दंड संहिता जो कि भारतीय न्याय संहिता कहलाएगी। सीआरपीसी, अब भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता कहलाएगी और भारतीय साक्ष्य अधिनियम यह तीनों अधिनियम कल से नए स्वरूप में लागू हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि जो पुराने कानून थे वह अंग्रेजों के आधार पर बने थे। जो की हमारे देश के नागरिकों के हित में कम थे। उन्होंने बताया कि अब जो नए कानून बनाए गए हैं उनमें हमारे भारतीय नागरिकों के हित की दृष्टि से भारत सरकार ने पूरे मंथन के साथ संशोधन किया है। उन्होंने नागरिकों को उदाहरण देते हुए बताया कि जैसे पहले पुलिस थाना में रिपोर्ट दर्ज कराने जाते थे तो कई बार ऐसा होता था कि हमने बयान कुछ और दिया है और पुलिस ने कुछ और बयान लिखा है। लेकिन अब नए प्रावधानों में हम जो रिपोर्ट दर्ज करवाने जाएंगे तो उसका पूरा वीडियो रिकॉर्ड किया जाएगा और आपके बयान के अनुसार रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। कमिश्नर ने नगर वासियों को बताया कि कई बार ऐसा पाया जाता है कि आप रिपोर्ट दर्ज करने जाते हैं और उस रिपोर्ट की क्या कार्यवाही हुई, इसकी कुछ जानकारी ही नहीं मिलती थी। लेकिन अब नए प्रावधान के अनुसार आपको रिपोर्ट दर्ज करने के 90 दिन में पुलिस आपको आपके केस की जानकारी उपलब्ध कराएगी।

फ्लैग मार्च के दौरान कलेक्टर श्री तरूण भटनागर ने भी नागरिकों को कानूनों में हुए नए बदलाव के बारे में जानकारी दी। उन्होंने नागरिकों को बताया कि जो बदलाव हुए हैं वे आम नागरिकों के हित में और न्याय के हित में बदलाव किए गए है। उन्होने बताया कि ऑनलाईन के माध्यम से पुलिस में एफआईआर भी दर्ज करा सकते हैं, जिसकी नियमानुसार कार्यवाही भी की जाएगी। उन्होनें बताया कि जो न्यायालयों में केस चलते हैं उन प्रकरणों का भी समय सीमा में निराकरण करने का प्रावधान है। फ्लैग मार्च के दौरान डीआईजी सविता सोहाने, सहित पुलिस बल भी साथ रहे।

## एक पेड़ माँ के नाम अभियान, जिला शहडोल में पर्यावरण संरक्षण के लिए जगा रहा अलख

**शहडोल**

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान की शुरुआत की गयी है। शहडोल जिले में यह अभियान अब जन-जन का अपना अभियान बन चुका है। प्रदेश में पर्यावरण के संरक्षण के लिए यह अभियान अलख जगा रहा है। हर कोई अपने माँ के लिए पेड़ लगाकर इस अभियान के प्रति अपनी सजगता दिखा रहा है। पेड़-पौधों का मानव जीवन में बड़ा महत्व है। ये हमें न सिर्फ ऑक्सीजन देते हैं। बल्कि विभिन्न प्रकार के फल-फूल, जड़ी बूटियां और लकड़ियां आदि भी देते हैं। घर के आसपास पौधरोपण करने से गर्मी, भू क्षरण, धूल आदि की समस्या से बच सकते हैं।

इसी तारतम्य में शहडोल जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कलेक्टर श्री तरूण भटनागर के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में एक पेड़ माँ के नाम अभियान प्रचलन में है ।इस अभियान में जिले के नागरिक बढ़ चढकर सहभागिता निभा रहे हैं और अपनी माँ के नाम पर और प्रकृति के आंचल को हरा-भरा रखने के लिए पौधरोपण कर रहे हैं तथा रोपे गए पौधों को जीवित रखने का संकल्प ले रहे हैं । इस अभियान के तहत जिले के ग्रोहपारू, बराबहेल्हा, जमुनी, विजयसोता, ग्राम पंचायत बिरौडी, समान, निपनिया, पैरीबहरा, पैलवाह, ग्राम पंचायत खरला सहित अन्य स्थानों पर लोगों ने पौधरोपण किया तथा पौधों की सुरक्षा और उन्हें जीवित रखने का संकल्प लिया।

# एसडीएम, स्कूल कॉलेज में लगे बसो की चेकिंग के कार्य की निगरानी करें : कलेक्टर

**शहडोल।** कलेक्टर श्री तरुण भटनागर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि पूरे प्रदेश में %एक पेड़ माँ के नाम% अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत समस्त विभाग दिए गए लक्ष्य के अनुसार पौधारोपण करना सुनिश्चित करेंगे। कलेक्टर ने कहा है कि यह अभियान एक विशेष अभियान है इसमें किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं बरती जाएगी। इस अभियान के कार्य को प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा है कि पौधारोपण करके मेरी लाइफ पोर्टल पर अपलोड करना होगा। कलेक्टर श्री तरूण भटनागर ने कहा है कि मेरी लाइफ पोर्टल में लॉगइन करके पौधारोपण की फोटो या वीडियो अपलोड करना होगा। उन्होंने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सभी अधिकारी अपने कार्यालय परिसर में पौधे लगाना सुनिश्चित करें तथा अपने मैदानी कर्मचारी को भी पौधे लगाने हेतु निर्देशित करें उन्होंने कहा है कि जिस विभाग को जितना पौधारोपण का लक्ष्य दिया गया है उसे समय अवधि में पूरा करके जानकारी प्रेषित करें।

कलेक्टर ने समस्त मुख नगर पालिका अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को निर्देश दिए हैं कि वह भी अपने अधीनस्थ ग्राम सचिव एवं वार्ड प्रभारी की पौधारोपण की निगरानी हेतु ड्यूटी लगाएं एवं दिए गए लक्ष्य को समय सीमा में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

बैठक में कलेक्टर ने समस्त अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह यातायात परिवहन विभाग द्वारा स्कूल, कॉलेज की बसों की फिटनेस जाँच की निगरानी करें. उन्होंने कहा है कि स्कूल कॉलेज की बसों की स्थिति, इंजन की स्थिति, ड्राइवर एवं क्लीनर की मेडिकल जांच, बसों की फिटनेस के दस्तावेज इत्यादि की अच्छी तरह से जांच हो यह सुनिश्चित किया जाए । इसके साथ ही उन्होंने निर्देशित किया है कि सवारी बसों की भी जांच हो तथा निर्देशित करें की क्षमता से ज्यादा सवारी ना हो तथा सभी बसें निर्धारित समय में चले।

बैठक में कलेक्टर श्री तरूण भटनागर ने सीएम हेल्पलाइन की भी समीक्षा की। सीएम हेल्पलाइन की स्थिति संतोषजनक नहीं होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के साथ निराकरण करने की कार्यवाही करें। उन्होंने कहा है कि आपके द्वारा शिकायतों का निराकरण न करने के कारण आपकी ग्रेडिंग नीचे रह जाती है। जिसके फसस्वरूप जिले की भी ग्रेडिंग नीचे रह जाती है। उन्होंने कहा है कि सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों का निराकरण कर अपने ग्रेडिंग में सुधार लाने हेतु उचित एवं परिणाम मूलक कार्यवाही करें।

शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री तरूण भटनागर ने बैठक में खंड शिक्षा अधिकारियों की उपस्थिति नहीं होने पर जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि आप बैठक में समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों को उपस्थित होने के लिए ताकित करें अन्यथा खंड शिक्षा अधिकारी के साथ-साथ आप पर भी अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि वे स्वयं एवं खंड शिक्षा अधिकारी शिक्षा विभाग में प्राप्त शिकायतों का निराकरण करने हेतु शिकायतकर्ता से बात करें एवं उन्हें अपने द्वारा की गई कार्यवाही के बारे में बताएं एवं संतुष्टि पूर्वक शिकायत को बंद कराना सुनिश्चित करें।

कलेक्टर श्री तरूण भटनागर ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए कहा है कि स्वास्थ्य विभाग शिकायतों का निराकरण करने हेतु विशेष कार्यवाही करे। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा समस्त खंड चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया है कि स्वास्थ्य विभाग में प्राप्त शिकायतों के निराकरण हेतु प्रभावी कार्यवाही करें एवं अपने अधीनस्थ आमले एवं मैदानी कर्मचारियों की शिकायतों के निराकरण हेतु ड्यूटी लगाएं। कलेक्टर श्री तरुण भटनागर ने राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए समस्त राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह राजस्व विभाग के कार्य मे प्रगति लाएं। उन्होंने कहा है कि सीमांकन बटांकन एवं नामांकन के कार्यों को प्राथमिकता के साथ करना सुनिश्चित करें। उन्होंने समस्त तहसीलदार को निर्देश दिए हैं कि वह प्रत्येक सप्ताह पटवारियों की बैठक ले एवं पटवारियों को प्रत्येक सप्ताह का लक्ष्य भी निर्धारित करें तथा समीक्षा की करें। उन्होंने कहा है कि निर्धारित लक्ष्य को पूरा न करने पर पटवारियों के पर कड़ी कार्यवाही करें अन्यथा आपके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। बैठक में कलेक्टर ने कलेक्टर शहडोल के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर एवं फेसबुक पर प्राप्त शिकायतों के निराकरण की भी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्राप्त शिकायतों का निराकरण करना भी सुनिश्चित करें।

## संपादकीय

# मुसीबत की बरसात और लापरवाही का आलम

मानसून में बारिश एक स्वाभाविक चक्र है, लेकिन शहरों-महानगरों के लिए अब इसे एक तकलीफदेह दौर के रूप में जाना जाने लगा है। राजधानी दिल्ली में हुई बरसात के बाद जैसे हालात पैदा हुए, वह जितना बारिश का नतीजा है, उससे ज्यादा इसके लिए सरकार और समूची व्यवस्था की लापरवाही, अदूरदर्शिता और कुप्रबंधन जिम्मेवार है। कुछ घंटों की बारिश के बाद दिल्ली के ज्यादातर इलाकों में जिस तरह व्यापक जलजमाव देखा गया, सड़कों पर पानी भर गया, बस और कार जैसे वाहन उसमें फंस गए, यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ, वह कोई नई घटना नहीं है। जब भी यहां कुछ घंटे ज्यादा बारिश होती है, तो उसके बाद समूचा जनजीवन लगभग ठप्प हो जाता है।हालत यह है कि दिल्ली के केंद्रीय इलाकों में भी पानी भर जाता है और लोगों के सामने कई तरह की मुश्किलें पैदा होती हैं। सवाल है कि क्या इससे उपजी अव्यवस्था के लिए केवल बरसात को बहाना बनाया जा सकता है। आखिर हर वर्ष ऐसी स्थिति पैदा होने के बावजूद इससे सबक क्यों नहीं लिया जाता और बरसात के पहले ही ऐसे इंतजाम क्यों नहीं किए जाते कि सड़कों या मुहल्लों में जलजमाव न होयह उम्मीद की जाती है कि देश की राजधानी होने के नाते बाकी जगहों के मुकाबले दिल्ली में सरकारी तंत्र और प्रशासन के स्तर पर ऐसी चौकसी होगी कि मौसम या किसी भी वजह से उपजी अव्यवस्था से तत्काल निपटने के ठोस इंतजाम होंगे। मगर सामान्य बारिश में भी दिल्ली के कई इलाकों के सड़कों-मुहल्लों में नालियां और बड़े नाले जाम हो जाते हैं। नतीजतन, समूचा पानी सड़क पर बहता देखा जाता है। संबंधित सरकारी महकमे समय रहते पानी की निकासी के लिए एक बेहतर तंत्र को सक्रिय करने को लेकर शायद ही कभी गंभीर दिखते हैं।आम लोगों के स्तर पर भी लापरवाही बरती जाती है, जब लोग अपने घर से कचरा निकालते हैं और सड़क किनारे नालियों या नालों में डाल देते हैं। इसकी वजह से जाम होने वाली नालियां मुख्य सड़कों तक पर व्यापक जलजमाव का कारण बनती हैं। सिर्फ पानी की निकासी की व्यवस्था को ही पूरी तरह दुरुस्त बना कर इस समस्या पर लगभग काबू पाया जा सकता है। विडंबना यह है कि सरकारी तंत्र की नींद तब तक नहीं खुलती, जब तक घनघोर अव्यवस्था न फैल जाए!

# सबके लिए त्वरित न्याय की अवधारणा पर आधारित हैं नये आपराधिक कानून

***भारत में आपराधिक कानूनों में परिवर्तन और सुधार एक महत्वपूर्ण विषय है, जो समाज की बदलती आवश्यकताओं और न्याय की आवश्यकता को पूरा करने के लिए समय-समय पर किया जाता है। हाल ही में, भारतीय दंड संहिता, आपराधिक प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम जैसे आपराधिक कानूनों को संसद में पारित किया गया। अब एक जुलाई 2024 से पूरे देश में यह लागू हो रहा है।***

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, श्री अमित शाह ने संसद में कानून को पेश करते हुए कहा कि खत्म होने वाले ये तीनों कानून अंग्रेज़ी शासन को मज़बूत करने और उसकी रक्षा करने के लिए बनाए गए थे । इनका उद्देश्य दंड देने का था, न की न्याय देने का। तीन नए कानून की आत्मा भारतीय नागरिकों को संविधान में दिए गए सभी अधिकारों की रक्षा करना, इनका उद्देश्य दंड देना नहीं बल्कि न्याय देना होगा। भारतीय आत्मा के साथ बनाए गए इन तीन कानूनों से हमारे क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम में बहुत बड़ा परिवर्तन आएगा। पुराने कानूनों में गुलामी की बू आती थी। ये तीनों पुराने कानून गुलामी की निशानियों से भरे हुए थे क्योंकि इन्हें ब्रिटेन की संसद ने पारित किया था और हमने सिर्फ इन्हें अपनाया था। इन कानूनों में पार्लियामेंट ऑफ यूनाइटेड किंगडम, प्रोविंशियल एक्ट, नोटिफिकेशन बाई द क्राउन रिप्रेज़ेन्टेटिव, लंदन गैज़ेट, ज्यूरी और बैरिस्टर, लाहौर गवर्नमेंट, कॉमनवेल्थ के प्रस्ताव, यूनाइटेड किंगडम ऑफ ग्रेट ब्रिटेन एंड आयरलैंड पार्लियामेंट का ज़िक्र है। इन कानूनों में हर मैजेस्टी और बाइ द प्रिवी काउंसिल के रेफेरेंस दिए गए हैं, कॉपीज़ एंड एक्सट्रैक्ट्स कंटेट इन द लंदन गैज़ेट के आधार पर इन कानूनों को बनाया गया, पज़ेशन ऑफ द ब्रिटिश क्राउन, कोर्ट ऑफ जस्टिस इन इंग्लैंड और हर मैजेस्टी डॉमिनियन्स का भी ज़िक्र इन कानूनों में कई स्थानों पर है। अच्छी बात यह कि गुलामी की निशानियों को पूरी तरह मिटा दिया गया है। जिसके तहत 475 जगह गुलामी की निशानियों को समाप्त कर दिया गया है। हमारे क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम में बहुत समय लगता है, कई बार न्याय इतनी देर से मिलता है कि न्याय का कोई मतलब ही नहीं रह जाता है, लोगों की श्रद्धा उठ जाती है और अदालत में जाने से डरते हैं। इन कानूनों को बनाने के पीछे बहुत लंबी प्रक्रिया रही है। इन कानूनों को आज के समय के अनुरूप बनाने में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने अगस्त, 2019 में सर्वोच्च न्यायालय के सभी न्यायाधीशों, देश के सभी उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों और देश के सभी कानून विश्वविद्यालयों को पत्र लिखे थे। वर्ष 2020 में सभी, महामहिम राज्यपालों, मुख्यमंत्रियों और सांसदों एवं संघ-शासित प्रदेशों के महामहिम प्रशासकों को पत्र लिखे गए। इसके बाद व्यापक परामर्श के बाद ये प्रक्रिया कानून बनने जा रही है। इसके लिए 18 राज्यों, 6 संघशासित प्रदेशों, सुप्रीम कोर्ट, 16 हाई कोर्ट, 5 न्यायिक अकादमी, 22 विधि विश्वविद्यालय, 142 सांसद, लगभग 270 विधायकों और जनता ने इन नए कानूनों पर अपने सुझाव दिए हैं। यह प्रक्रिया सरल नहीं थी, काफी मेहनत की गई बीते 4 सालों में। खूब विचार विमर्श किया गया है। इस संदर्भ में हुई 158 बैठकों में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह उपस्थित रहे हैं। इन कानूनों में क्या बदलाव हुआ है, इस पर केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने बताया कि आज तक आतंकवाद से परिचित सभी थे लेकिन आतंकवाद की परिभाषा, व्याख्या नहीं थी। अब ऐसा नहीं रहेगा। अब अलगाव, सशस्त्र विद्रोह, विध्वंसक गतिविधियां, अलगाववाद, भारत की एकता, संप्रभुता और अखंडता को चुनौती देने जैसे अपराधों की पहली बार इस कानून में व्याख्या की गई है। इससे जुड़ी संपत्तियों को ज़ब्त करने का अधिकार भी दिया गया है। जांचकर्ता पुलिस अधिकारी के संज्ञान पर कोर्ट इसका आदेश देगा। गौरतलब है कि अनुपस्थिति में ट्रायल के बारे में केंद्र सरकार ने एक ऐतिहासिक फैसला किया है। सेशंस कोर्ट के जज द्वारा प्रक्रिया के बाद भगोड़ा घोषित किए गए व्यक्ति की अनुपस्थिति में ट्रायल होगा और उसे सज़ा भी सुनाई जाएगी, चाहे वो दुनिया में कहीं भी छिपा हो। उसे सज़ा के खिलाफ अपील करने के लिए भारतीय कानून और अदालत की शरण में आना होगा। अभी तक देखा गया है कि देश भर के पुलिस स्टेशनों में बड़ी संख्या में केस संपत्तियां पड़ी रहती हैं। अब इस ओर भी तेजी लाई जाएगी। यानी अब इनकी वीडियोग्राफी करके सत्यापित प्रति कोर्ट में जमा करके इनका निपटारा किया जा सकेगा। इन कानूनों में अत्याधुनिकतम तकनीकों को समाहित किया गया है। दस्तावेज़ों की परिभाषा का विस्तार कर इलेक्ट्रॉनिक या डिजिटल रिकॉर्ड्स, ई-मेल, सर्वर लॉग्स, कम्प्यूटर, स्मार्ट फोन, लैपटॉप्स, एसएमएस, वेबसाइट, लोकेशनल साक्ष्य, डिवाइस पर उपलब्ध मेल और मैसेजेस को कानूनी वैधता दी गई है, जिनसे अदालतों में लगने वाले कागज़ों के अंबार से मुक्ति मिलेगी। इस कानून को डिजिटलाइज किया गया है, यानी एफआईआर से केस डायरी, केस डायरी से चार्जशीट और चार्जशीट से जजमेंट तक की सारी प्रक्रिया को डिजिटलाइज़ करने का प्रावधान इस कानून में किया गया है। अभी सिर्फ आरोपी की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से हो सकती है, लेकिन अब पूरा ट्रायल, क्रॉस क्वेश्चनिंग सहित, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से संभव होगी। शिकायतकर्ता और गवाहों का परीक्षण, जांच-पड़ताल और मुक़दमे में साक्ष्यों की रिकॉर्डिंग और उच्च न्यायालय के मुक़दमे और पूरी अपीलीय कार्यवाही भी अब डिजिटली संभव होगी। सर्च और ज़ब्ती के समय वीडियोग्राफी को अनिवार्य कर दिया है, जो केस का हिस्सा होगी और इससे निर्दोष नागरिकों को फंसाया नहीं जा सकेगा। पुलिस द्वारा ऐसी रिकॉर्डिंग के बिना कोई भी चार्जशीट वैध नहीं होगी। आजादी के 75 सालों के बाद भी दोष सिद्धि का प्रमाण बहुत कम है। यही कारण है कि मोदी सरकार ने फॉरेंसिक साइंस को बढ़ावा देने का काम किया है। तीन साल के बाद हर साल 33 हज़ार फॉरेंसिक साइंस एक्सपर्ट्स और साइंटिस्ट्स देश को मिलेंगे। साथ ही श्री अमित शाह ने लक्ष्य रखा है कि दोष सिद्धि के प्रमाण को 90 प्रतिशत से ऊपर लेकर जाना है। इसके लिए एक महत्वपूर्ण प्रावधान किया गया है कि 7 वर्ष या इससे अधिक सज़ा वाले अपराधों के क्राइम सीन पर फॉरेंसिक टीम की विजिट को अनिवार्य किया जा रहा है। इसके माध्यम से पुलिस के पास एक वैज्ञानिक साक्ष्य होगा जिसके बाद कोर्ट में दोषियों के बरी होने की संभावना बहुत कम हो जाएगी। वर्ष 2027 से पहले देश की सभी अदालतों को कंप्यूटराइज्ड कर दिया जाएगा। इसी प्रकार मोबाइल फॉरेंसिक वैन का भी अनुभव किया जा चुका है। दिल्ली इसका उदाहरण है। दिल्ली में इसका सफल प्रयोग किया गया। इसके तहत 7 वर्ष से अधिक सज़ा के प्रावधान वाले किसी भी अपराध के स्थल पर फॉरेंसिक साइंस लैबरोटरी (एफएसएल) की टीम पहुंचती है। इतना ही नहीं मोबाइल एफएसएल को भी लॉन्च किया गया। बता दें कि यह संकल्पना पूर्ण रूप से सफल है। यही वजह है कि अब हर ज़िले में 3 मोबाइल एफएसएल रहेंगी और अपराध स्थल पर जाएंगी। यौन हिंसा के मामले में भी पहले के कानून में फेर-बदल किया गया है। इसके अंतगर्त यौन हिंसा के मामले में पीड़ित का बयान अनिवार्य कर दिया गया है और यौन उत्पीड़न के मामले में बयान की वीडियो रिकॉर्डिंग भी अब अनिवार्य कर दी गई है। पुलिस को 90 दिनों में शिकायत का स्टेटस और उसके बाद हर 15 दिनों में फरियादी को स्टेटस देना अनिवार्य होगा। पीड़ित को सुने बिना कोई भी सरकार 7 वर्ष या उससे अधिक के कारावास का केस वापस नहीं ले सकेगी, इससे नागरिकों के अधिकारों की रक्षा होगी। ऐसा पहली बार हुआ है कि कम्युनिटी सर्विस को सज़ा के रूप में इस कानून के तहत लाया जा रहा है। छोटे मामलों में समरी ट्रायल का दायरा भी बढ़ा दिया गया है। अब 3 साल तक की सज़ा वाले अपराध समरी ट्रायल में शामिल हो जाएंगे। इस अकेले प्रावधान से ही सेशंस कोर्ट्स में 40 प्रतिशत से अधिक केस समाप्त हो जाएंगे। आरोप पत्र दाखिल करने के लिए 90 दिनों की समय सीमा तय कर दी गई है और परिस्थिति देखकर अदालत आगे 90 दिनों की परमिशन और दे सकेंगी। इस प्रकार 180 दिनों के अंदर जांच समाप्त कर ट्रायल के लिए भेज देना होगा। कोर्ट अब आरोपित व्यक्ति को आरोप तय करने का नोटिस 60 दिनों में देने के लिए बाध्य होंगे। बहस पूरी होने के 30 दिनों के अंदर माननीय न्यायाधीश को फैसला देना होगा, इससे सालों तक निर्णय लंबित नहीं रहेगा और फैसला 7 दिनों के अंदर ऑनलाइन उपलब्ध कराना होगा। पुराने आपराधिक कानूनों को निरस्त करना और नए कानूनों को अपनाना देश की वर्तमान वास्तविकताओं को दर्शाता है। भारतीय लोकाचार और संस्कृति को प्रतिबिंबित करने के लिए इन कानूनों का नाम बदला गया। जैसे कि भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 - पुरातन ब्रिटिश औपनिवेशिक युग से प्रस्थान का प्रतीक है, जिसमें सजा पर न्याय पर जोर दिया जाता है।

पिछले दशक में प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने धार्मिक कट्टरवाद और आतंकवाद पर सख्त रुख अपनाया है। आतंकवाद और उग्रवाद को लेकर सरकार की शून्य-सहिष्णुता नीतियों और कार्यों के कारण ये ताकतें अब रक्षात्मक मुद्रा में हैं इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए सरकार ने यूएपीए समेत संबंधित अधिनियमों में आवश्यक संशोधन किए हैं। राष्ट्रीय जांच एजेंसी को विदेशों में भारतीयों और भारतीय हितों से संबंधित आतंकी अपराधों की जांच करने का अधिकार दिया गया है। नए आपराधिक कानूनों ने अनुपस्थिति में मुकदमे की अनुमति देकर इस बदलाव को और मजबूत किया है।

**(लेखक मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री है)**

# सोशल मीडिया के शोर-शराबे में जिगरी दोस्तों का टोटा

**जैसे-जैसे सोशल मीडिया की लत से निपटने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं, वैसे-वैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म के दिग्गजों की तरफ से प्रतिरोध की आशंका बढ़ने लगी है। हालांकि, यह विडंबना ही है कि आज सोशल मीडिया विशेषकर युवा पीढ़ी में संदेशों के आदान-प्रदान का सबसे सशक्त माध्यम है, जिसका मतलब है कि इसकी लत के बारे में कोई भी संदेश हमें इसी माध्यम से प्रसारित करना होगा। यानी, किसी व्यक्ति को तभी इस तरह के चेतावनी भरे संदेश मिलें, जब वह सोशल मीडिया में डूबा हो।**

**(बीजू डोमिनिक, सीईओ, फाइनल माइल कंसल्टिंग)**



अमेरिकी सर्जन जनरल विवेक मूर्ति ने हाल ही में सभी सोशल मीडिया मंचों के लिए यह चेतावनी जारी किए जाने का प्रस्ताव रखा है कि 'यह किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकता है'। मूर्ति द्वारा सिगरेट को लेकर दिया गया इसी तरह का सुझाव कि 'धुम्रपान आपकी सेहत के लिए खतरनाक हो सकता है', इसकी लत से निपटने के प्रयासों की शुरुआत थी। क्या सोशल मीडिया को लेकर उनका सुझाव सुखद अंजाम पा सकेगा

दरअसल, सोशल मीडिया के साथ सबसे बड़ी दिक्कत यही है कि यह सामाजिक नहीं है। मनुष्यों के सामाजिक संबंधों का पहला गहन अध्ययन ब्रिटिश मानव विज्ञानी रॉबिन डनबर ने किया था। उनका निष्कर्ष था कि एक इंसान की पांच से यारी, 15 से गहरी दोस्ती, 50 से मित्रता, 150 से सार्थक रिश्तेदारी और लगभग 500 से मामूली परिचय हो सकता है। यह अध्ययन सोशल मीडिया के आने से पहले किया गया था। अब जब ऑनलाइन मंचों ने हमारे रिश्ते बदल दिए हैं, तब डनबर ने पाया है कि सोशल मीडिया ने कमजोर संबंधों, मामूली परिचितों और जिनको आप पहचानते हैं, ऐसे लोगों की संख्या तो बढ़ाई है, लेकिन करीबी रिश्तों के लिए यहां जगह सिमट गई है। यह चिंतनीय आंकड़ा है कि आज के करीब 33 फीसदी नौजवान एक जिगरी दोस्त के लिए तरस रहे हैं। इस लिहाज से इसे अब तक के इतिहास की संभवतः सबसे अकेली पीढ़ी कह सकते हैं। मूर्ति ने अपनी रिपोर्ट में इस अकेलेपन को तंबाकू के सेवन जैसी महामारी बताया है। उनके मुताबिक, अकेलापन लोगों के लिए उतना ही बुरा है, जितना एक दिन में 15 सिगरेट पीना।

जैसे-जैसे सोशल मीडिया की लत से निपटने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं, वैसे-वैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म के दिग्गजों की तरफ से प्रतिरोध की आशंका बढ़ने लगी है। हालांकि, यह विडंबना ही है कि आज सोशल मीडिया विशेषकर युवा पीढ़ी में संदेशों के आदान-प्रदान का सबसे सशक्त माध्यम है, जिसका मतलब है कि इसकी लत के बारे में कोई भी संदेश हमें इसी माध्यम से प्रसारित करना होगा। यानी, किसी व्यक्ति को तभी इस तरह के चेतावनी भरे संदेश मिलें, जब वह सोशल मीडिया में डूबा हो। यह धूम्रपान का आनंद लेते हुए व्यक्ति से इसके खतरों के बारे में बात करने जैसा होगा। बहरहाल, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की एल्गोरिद्म लिखने वालों को व्यसन संबंधी व्यवहार की अच्छी समझ होती होगी। चूहों पर किए गए एक अध्ययन से भी इसके संकेत मिले हैं।

इस अध्ययन में चूहों के दो गुट बनाए गए थे, जिनमें एक गुट को लीवर दबाने पर हर बार मीठा पानी दिया जाता था, जबकि दूसरे को कई बार दबाने के बाद मीठा पानी मिलता था। यह अध्ययन बताता है कि पहले गुट के चूहों ने कुछ समय के बाद लीवर दबाना बंद कर दिया, जबकि दूसरे गुट के चूहों ने अपना काम जारी रखा। ऐसा इसलिए, क्योंकि अनिश्चित पुरस्कार मस्तिष्क को पुरस्कार को लेकर संवेदनशील बनाता है और इनाम पाने के लिए अनवरत कार्य करने को प्रेरित करता रहता है। सोशल मीडिया पर परोसी जाने वाली सामग्रियां इसी मानसिक व्यवहार पर काम करती हैं। स्मार्टफोन स्क्रीन को हम इसीलिए लगातार स्क्रॉल करते रहते हैं, क्योंकि हमें लगता है कि अगली बार कुछ अप्रत्याशित दिखेगा।

मस्तिष्क विज्ञान के अध्ययनों के अनुसार, किसी व्यसन में रासायनिक व मनोवैज्ञानिक रूप से दो अलग-अलग प्रकार के सुख मिलते हैं। मनोचिकित्सक डोनाल्ड क्लेन इसे 'शिकार का सुख' व 'दावत का सुख' बताते हैं। व्यसन के समय ज्यादातर ध्यान दावत के सुख, यानी किसी नशीले पदार्थ के सेवन के बाद की भावनाओं पर रहता है। शिकार का सुख इच्छा जनित उत्साह, शक्ति की भावना और नशा करने के बाद पैदा आत्मविश्वास पर आधारित होता है। स्मार्टफोन निर्माता व सोशल मीडिया मंच अपने उपयोगकर्ताओं में इसी प्रत्याशा को बढ़ाकर 'शिकार का सुख' बढ़ाते हैं। किसी संदेश के आने पर बजने वाली ध्वनि इस प्रत्याशा को बढ़ाने का काम करती है। बेशक वह संदेश क्रेडिट कार्ड कंपनी से आया हो, लेकिन इंसानी दिमाग अगले संदेश का बेसब्री से इंतजार करने लगता है। यही शिकार का आनंद है।

निस्संदेह, सोशल मीडिया की लत से निपटा जाना चाहिए, मगर करीब से देखने पर यही लगता है कि हम अलग ही तरह के दिमागी खेल से निपट रहे हैं।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

## वर्ग पहेली 5418



**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 15 अगस्त को भारत के अतिरिक्त कांगों, नार्थ कोरिया, साऊथ कोरिया व इस देश में भी स्वाधीनता दिवस मनाया जाता है (4)
4. इस वृक्ष को छोटे-छोटे फलों से मदिरा निर्माण भी होता है (3)
6. मित्र, दोस्त, सखा, उपपति (2)
7. अरब का एक प्रसिद्ध शहर, ग्रांथिक रूप से इस अरबी शब्द का अर्थ शहर या नगर है (3)
8. अभ्यास पुस्तिका को अंग्रेजी में यह कहा जाता है (4)
10. नष्ट्र ध्वंस, बर्बाद (6)
13. चैन, राहत, आराम (2)
15. वह विस्फोटक पदार्थ जो ज्वालामुखी पर्वत से निकलता है (2)
16. श्रीराम की सेना का एक वानर (2)
17. कामिनी (3)
21. सबसे दोस्ती करने वाला (4)
23. जिसका नाम किसी बात आदि के लिए तय कर लिया हो (4)
24. हाथ, हस्त, महसूल, टैक्स (2)

**ऊपर से नीचे**

1. ठंडी हवा, पवन (3)
2. अक्षर, वर्ण (3)
3. स्वामीभक्त, उपकार मानने वाला, कृतज्ञ (6)
4. मनुहार, मनाने का काम (4)
5. अगल-बगल (4)
9. प्रतिमा, देवमूर्ति, कठोर ह्रदय, आकार (2)
11. प्रश्नात्क, प्रश्नपूर्ण, प्रश्नवाचक (4)
12. व्यक्तित्व, अस्तित्व, सामर्थ्य, शक्ति (2)
13. सुंदर नेत्रों वाली, पुराणानुसार महाराज जनक की पत्नी का यह नाम था (4)
14. दुष्ट, दुर्जन, अधम, नीच (2)
18. सद्गति प्राप्त करने वाला (3)
19. सेना को यह भी कहा जाता है (2)
20. जो दिन इस समय बीत रहा है, इस दिनों में (2)
22. दफा, मर्तबा, आधुनिक मद्यशाला (2)

### वर्ग पहेली 5417 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पा | कि | स्ता | न | | अ | मे | ठी |
| र्थ | | व | र | क | न्या | | क |
| | र | क | मी | | य | दि | |
| र | क्षा | | | जू | | ल | क्ष्य |
| ह | क | | आ | न | बा | न | |
| न | व | नी | त | | न | वा | ब |
| | च | | ति | थि | | जी | न |
| | | जौ | | र | त्त | | ना |

# दृढ़ घोड़े की तरह दौड़ता रहा... जडेजा

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली के नक्शेकदम पर चलते हुए रविंद्र जडेजा ने भी भारत की विश्व कप जीत के बाद टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी। 2009 में पहला मैच खेलने वाले जड्डू ने 15 साल के टी-20 करियर को विराम दे दिया।टीम इंडिया के टी-20 वर्ल्ड कप जीतने के 24 घंटे के भीतर तीसरे खिलाड़ी ने टी-20 इंटरनेशनल से संन्यास ले लिया है। विराट कोहली, कप्तान रोहित शर्मा के बाद अब इस फेहरिस्त में रविंद्र जडेजा का भी नाम जुड़ गया है। भारत के टॉप ऑलराउंडर ने बारबडोस के केंसिंग्टन ओवल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 7 रन की रोमांचक खिताबी जीत के बाद



ड्रेसिंग रूम में विश्व कप ट्रॉफी के साथ अपनी तस्वीर पोस्ट करते हुए सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी विदाई का ऐलान किया। जडेजा ने पोस्ट में लिखा, कृतज्ञता से भरे दिल के साथ, मैं टी-20 अंतरराष्ट्रीय को अलविदा कहता हूं। गर्व के साथ दौड़ने वाले एक दृढ़ घोड़े की तरह मैंने हमेशा अपने देश के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ दिया है और अन्य प्रारूपों में भी ऐसा करना जारी रखूंगा। टी-20 विश्व कप जीतना एक सपने के सच होने जैसा था, मेरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर का शिखर था। यादों, उत्साह और अटूट समर्थन के लिए धन्यवाद%

**2009 में किया था डेब्यू** - एमएस धोनी के नेतृत्व में टीम में जगह बनाने के बाद से स्पिन-गेंदबाजी ऑलराउंडर जडेजा ने एक लंबा सफर तय किया है, लेकिन हाल ही में खत्म हुए टूर्नामेंट में वह अपनी लय नहीं दिखा पाए। फरवरी 2009 में श्रीलंका के खिलाफ डेब्यू करने के बाद से उन्होंने 74 मैच में कुल 515 रन बनाए हैं और सबसे छोटे प्रारूप में 54 विकेट लिए हैं। बल्ले से उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2022 में इंग्लैंड के खिलाफ आया, जहां उन्होंने 29 गेंदों में 46 रन की मैच विनिंग पारी खेली थी। गेंद के साथ उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन 2021 टी-20 विश्व कप में स्कॉटलैंड के खिलाफ था, जहां उन्होंने दुबई में 3/15 के आंकड़े हासिल किए थे। जडेजा की सबसे खास बात उनकी फील्डिंग रही है। ऐसे समय में जब हमारे पास सुरेश रैना और युवराज सिंह जैसे खिलाड़ी थे। सौराष्ट्र का यह ऑलराउंडर अपने पूरे करियर में कई मौकों पर लक्ष्य को भेदने की अपनी क्षमता से और भी अलग दिखने में कामयाब रहा।

## आज का राशिफल

### मेष

आज का दिन काफी चुनौतीपूर्ण रहेगा। आपके सामने ढेर सारी जिम्मेदारियां रहेंगी और आपको काफी मेहनत करनी पड़ेगी। आपके सामने ढेर सारी जिम्मेदारियां होंगी और आपको मेहनत करनी पड़ेगी। आपका सुव्यवस्था करने में आपका कोई सानी नहीं है।

### वृषभ

आपका दिन सफलता से भरा होगा। आज प्रतिद्वन्दी आपसे आगे निकलने का प्रयास करेंगे। धीरे-धीरे सफलता के योग बन रहे हैं और आपके धन में वृद्धि होगी। कोई नया कार्य शुरू करने के लिए समय अनुकूल नहीं है।

### तुला

आज मन प्रसन्न रहेगा। अत्यधिक श्रम करने पर भी आय कम और व्यय अधिक होगा। आपके गुप्त शत्रु सक्रिय रहेंगे और व्यर्थ की भागदौड़ करने से आपको काफी थकान और तनाव हो सकता है। पारिवारिक अशान्ति के कारण आपका ऑफिस का काम प्रभावित हो सकता है। सूर्यास्त होते समय कुछ राहत मिल जाएगी।

### वृश्चिक

आज दिन करियर के मामले में काफी चुनौतीपूर्ण रहेगा और आपको दौड़भाग करके अपने कार्य पूर्ण करने होंगे। कोई महत्वपूर्ण व्यवसायिक अनुबंध आपके पक्ष में आ सकता है। यदि आप आज अपनी बात दूसरों तक पहुंचाने में कामयाब हो जाएंगे तो आपके लिए सफलता के योग बनेंगे।

### मिथुन

आज का दिन सामान्य है और हर कार्य में आपको भाग्य का साथ मिलेगा। ग्रहों के शुभ योग से आपको हर कार्य में सफलता प्राप्त होगी। संतान की ओर से खुश रहेंगे और मन प्रसन्न होगा। हर्षदायक समाचार से मनोबल बढ़ेगा।

### कर्क

आज शुभ कार्यों में आपकी दिलचस्पी बढ़ेगी। आप द्वारा लिए गए निर्णय आगे चलकर फायदा देंगे। संतान पक्ष के विवाह में आ रही अड़चनें समाप्त होंगी। जन संपर्क में वृद्धि होने से आप प्रफुल्लित रहेंगे। आज कोई व्यक्ति ऑफिस में आपके लिए समस्या खड़ी कर सकता है।

### धनु

आज लाभ होगा और आपके सम्मान में वृद्धि होगी और आपको सफलता प्राप्त होगा। घर में धन धान्य में वृद्धि होगी। मित्रों से धन का लाभ होगा। विजय प्राप्त होगी और आपकी मनोकामनाएं पूर्ण होंगी। रात्रि में शुभव्यय होगा और कार्य सफल होंगे और योजनाएं पूर्ण होंगी।

### मकर

आज दिन सम्मान से भरा होगा और कारोबार से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी। महीने का आखिरी दिन आपके लिए विजय कारक है। आज आपको प्रतिष्ठित लोगों का साथ मिलने से आपको आगे चलकर इसका लाभ होगा। उच्चाधिकारियों की कृपा से भूमि-जायदाद संबंधी विवाद का समाधान भी हो जाएगा।

### सिंह

आज भाग्य साथ देगा। विरोधियों का षड्यंत्र असफल होगा और आपके कार्य सफल होंगे। सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी और आपका खर्च भी अधिक होगा। शुभ व्यय होने से मन में हर्ष होगा।

### कन्या

आज धन में वृद्धि होगी और आपको भाग्य का साथ मिलेगा। आपके कारोबार से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी और कहीं यात्रा पर जाने से मन में हर्ष रहेगा। प्रतिद्वन्दियों के लिए आप सिरदर्द बने रहेंगे। दाम्पत्य जीवन में सुखद स्थिति रहेगी।

### कुंभ

आज लाभ का दिन है और आज आपके लिए कर्मफल में सिद्धि का दिन है। कहीं से कमा कमाया धन मिलने के योग है। किसी वृद्ध महिला का आशीर्वाद मिलने से उन्नति के विशेष अवसर प्राप्त होंगे। बहुत समय से चल रहे विवाद का अंत होगा और आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे। आपके सम्मान में वृद्धि होगी।

### मीन

आज पूरे दिन आय के नये स्रोत सामने आएंगे। विरोधी पक्ष पराजित होगा और आपके सम्मान में वृद्धि होगी। आपके भाग्य का सितारा फिर से चमकने लगेगा। व्यवसाय में अधिक धन लगाना लाभकारक रहेगा। आपको लाभ होगा और आपके धन में वृद्धि होने के योग हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### दीदी का पश्चिम बंगाल महिलाओं के लिए सुरक्षित नहीं : जेपी नड्डा



**नई दिल्ली , एजेंसी।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर में बीच सड़क पर एक महिला की पिटाई का भयावह वीडियो सामने आने के बाद राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर सीधा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि चाहे संदेशखाली हो, उत्तर दिनाजपुर हो या कई अन्य स्थान, दीदी का पश्चिम बंगाल महिलाओं के लिए असुरक्षित है। भाजपा अध्यक्ष ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, पश्चिम बंगाल से एक भयावह वीडियो सामने आया है, जो उस क्रूरता की याद दिलाता है जो केवल धार्मिक नेताओं के शासन में मौजूद है। नड्डा ने टीएमसी नेताओं द्वारा इस कृत्य का बचाव करने की भी कड़ी आलोचना करते हुए कहा, मामले को बदतर बनाने के लिए, टीएमसी कैडर और विधायक इस कृत्य को उचित ठहरा रहे हैं। चाहे संदेशखाली हो, उत्तर दिनाजपुर हो या कई अन्य स्थान, दीदी का पश्चिम बंगाल महिलाओं के लिए असुरक्षित है।

### वेंकैया नायडू के जन्मदिन पर पीएम मोदी ने दी बधाई, उनकी राजनीतिक यात्रा को बताया उदाहरण



**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू को उनके 75वें जन्मदिन पर शुभकामनाएं दीं। पीएम मोदी ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर एक पोस्ट में लिखा, श्री वेंकैया नायडू गारू को उनके 75वें जन्मदिन पर बधाई। उनके दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना करता हूं। इस विशेष अवसर पर, उनके जीवन, सेवा और राष्ट्र निर्माण के प्रति प्रतिबद्धता पर कुछ विचार लिखे हैं। प्रधानमंत्री ने लिखा कि आज भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति और राष्ट्रीय राजनीति में शुचिता के प्रतीक हमारे श्री एम. वेंकैया नायडू गारू का जन्मदिवस है। वेंकैया नायडू जी आज 75 वर्ष के हो गए हैं। उन्होंने राष्ट्रसेवा और जनसेवा को हमेशा सर्वोपरि रखा है। मैं उनके दीर्घायु होने और स्वस्थ जीवन की कामना करता हूं। देश में उनके लाखों चाहते वाले हैं। मैं उनके सभी शुभचिंतकों और समर्थकों को भी बधाई देता हूं। वेंकैया जी का 75वां जन्मदिवस एक विशाल व्यक्तित्व की व्यापक उपलब्धियों को समेटे हुये है। उनका जीवन सेवा, समर्पण और संवेदनशीलता की ऐसी यात्रा है, जिसके बारे में सभी देशवासियों को जानना चाहिए।

### भाजपा-शिंदे को घेरने का प्लान तैयार, लेकिन महाराष्ट्र के सीएम कैंडिडेट पर शरद पवार मौन



**मुंबई, एजेंसी।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार प्रमुख शरद पवार ने रविवार बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी, कांग्रेस और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) मिलकर इस साल अक्टूबर में होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पवार ने यह भी कहा कि महाराष्ट्र में प्रमुख विपक्षी दलों की यह नैतिक जिम्मेदारी है कि वे राज्य के विधानसभा चुनावों में छोटे सहयोगियों के हितों की रक्षा करें, जो 2024 के लोकसभा चुनावों में गठबंधन का हिस्सा थे। राकांपा (शरदचंद्र पवार), कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) विपक्षी महा विकास अघाडी (एमवीए) के घटक हैं। पवार ने कहा कि विपक्ष चुनावों में महाराष्ट्र की जनता के सामने सामूहिक रूप से उतरेंगे। पवार ने कहा कि राज्य में बदलाव की जरूरत है और इसे पूरा करना विपक्षी गठबंधन की नैतिक जिम्मेदारी है। हालांकि, उन्होंने मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर कोई बात नहीं की। उन्होंने कहा, जिस तरह (महाभारत में) अर्जुन का लक्ष्य मछली की आंख थी, उसी तरह हमारी नजरें महाराष्ट्र के चुनावों पर टिकी हैं। कांग्रेस, राकांपा (शरदचंद्र पवार) और शिवसेना (यूबीटी) मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ेंगी। पवार ने कहा कि राज्य में सीट बंटवारे पर बातचीत अभी शुरू नही हुई है, लेकिन जल्द ही शुरू हो जाएगी। यह पूछे जाने पर कि क्या वह शुक्रवार को यहां शुरू हुई पवित्र (तीर्थयात्रा) पालकी यात्रा में भाग लेंगे पवार ने कहा, पालकी बारामती (पुणे जिले में) स्थित मेरे गांव से पंढरपुर तक जाएगी। मैं बारामती में पवित्र पालकी यात्रा का स्वागत करूंगा। पूज्य संत तुकाराम और ज्ञानेश्वर महाराज के पदचिह्नों को लेकर पालकी यात्रा पिछले दो दिनों में क्रमशः पुणे के देहू और आलंदी से सोलापुर जिले के पंढरपुर के लिए रवाना हुई। पालकी यात्रा 17 जुलाई को आषाढ़ी एकादशी के अवसर पर पंढरपुर में भगवान विट्ठल के मंदिर पहुंचेगी।

# अजित की एनसीपी के पिंपरी चिंचवड़ इकाई के प्रमुख अजित गव्हाने शरद पवार के साथ जा सकते हैं



**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले उपमुख्यमंत्री अजित पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में संभावित टूट की अटकलें हैं। कहा जा रहा है कि जल्द ही अजित गुट के कई नेता चाचा शरद पवार की अगुवाई वाली पार्टी में शामिल हो सकते हैं। हालांकि, इसे लेकर आधिकारिक तौर पर अब तक कुछ नहीं कहा गया है। राज्य में इस साल के अंत तक विधानसभा चुनाव हो सकते हैं। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि अजित की अगुवाई वाली एनसीपी के पिंपरी चिंचवड़ इकाई के प्रमुख अजित गव्हाने सीनियर पवार के साथ जा सकते हैं। खास बात है कि गव्हाने ने भोसारी सीट से विधानसभा चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर की है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय जनता पार्टी के नेताओं का कहना है कि पार्टी भोसारी सीट एनसीपी को नहीं देगी। गव्हाने के साथ-साथ 15 से ज्यादा पूर्व पार्षद भी एनसीपी (एसपी) का हिस्सा बन सकते हैं। खबरें हैं कि गव्हाने और पूर्व पार्षदों का एक समूह शनिवार के शरद पवार के पुणे स्थित आवास पर मिलने पहुंचा था। जबकि, गव्हाने ऐसी किसी मुलाकात से इनकार कर रहे हैं। उनका कहना है कि वह हाल ही में अजित से मिले थे और भोसारी सीट से चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर की है। जब पूछा गया कि अगर अजित की तरफ से उन्हें ग्रीन सिग्नल नहीं मिलता है, तो क्या वह पार्टी छोड़ देंगे। इसपर उन्होंने अंग्रेजी अखबार को बताया, अब तक मेरे नेता ने रेड सिग्नल नहीं दिखाया है। ऐसे में अभी मैं इसपर कोई कमेंट नहीं करना चाहता हूं। लेकिन एक बात साफ है कि मैं भोसारी सीट से चुनाव लड़ने का फैसला कर चुका हूं। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि चुनाव के लिए ज्यादा समय नहीं बचे होने के चलते गव्हाने जल्द ही एनसीपी छोड़ देंगे। हालांकि, एनसीपी गव्हाने और या किसी पूर्व पार्षद के पार्टी छोड़ने की बात से इनकार कर रही है।

इस सीट पर बीते दो चुनावों से भाजपा के महेश लांडगे चुनाव जीत रहे हैं। खास बात है कि गव्हाने और लांडगे रिश्तेदार ही है, लेकिन गव्हाने ने लांडगे के भाई को भोसारी से ही 2017 में निकाय चुनाव में मात दी थी। अखबार से बातचीत में भाजपा नेता और पूर्व पार्षद सीमा सावले का कहना है, मुझे नहीं लगता कि भाजपा एनसीपी के लिए भोसारी सीट छोड़ेगी। उन्होंने कहा, महेश लांडगे की लोकप्रियता को देखते हुए भोसारी एक सुरक्षित सीट है। हाल ही में हुए लोकसभा चुनावों में भोसारी सीट ही थी, जहां से भाजपा की अगुवाई वाले गठबंधन के उम्मीदवार शिवाजी राव अधलराव-पाटिल आगे चल रहे थे। जबकि, अन्य सभी सीटों पर वह एनसीपी (एसपी) उम्मीदवार से पीछे थे। उन्होंने कहा, जैसी अटकलें हैं, अगर अजित गव्हाने मैदान में उतरते हैं तो मुकाबला कड़ा होगा। लांडगे और गव्हाने की जंग रोमांचक होगी, लेकिन ये सभी सिर्फ अटकलें हैं।

### असम सरकार का बड़ा ऐक्शन -बलात्कार के आरोपियों के घरों पर चला बुलडोजर

**ग्वालपाड़ा, एजेंसी।** असम के ग्वालपाड़ा जिले में रविवार को सरकारी जमीन पर अतिक्रमण के चलते 5 व्यक्तियों के मकान ढहा दिए गए। ढहाए गए मकानों में बलात्कार और हत्या के 3 आरोपियों के मकान भी शामिल हैं। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। जिला प्रशासन के सीनियर अधिकारी के अनुसार, दुधनोई राजस्व क्षेत्र की सीमा अंतर्गत तंगाबारी गांव में कुछ व्यक्तियों ने सरकारी जमीन पर अपने मकान बनाए थे। उन्हें इन ढांचों को हटाने के लिए नोटिस दिए गए थे। उन्होंने पीटीआई को बताया कि उन्होंने जमीन से कब्जा हटाने के नोटिस का पालन नहीं किया, इसलिए अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलाया गया। दुधनोई परिक्षेत्र कार्यालय के एक अन्य अधिकारी ने बताया कि दिन में जिन 5 लोगों के घर गिराए गए, उनमें से तीन पर मई में 2 नाबालिग लड़कियों के साथ बलात्कार करने और इसके बाद हुई झड़प में एक युवक की हत्या में शामिल होने का आरोप है। उन्होंने दावा किया, इस कार्रवाई का मामले से कोई संबंध नहीं है। पुलिस की ओर से आपराधिक मामले की जांच की जा रही है। हमने सरकारी जमीन पर अतिक्रमण हटाने के लिए ही यह अभियान चलाया था। हालांकि, स्थानीय लोगों ने दावा किया कि कथित अतिक्रमणकारियों को शनिवार को नोटिस दिया गया था।

### लोकसभा उपाध्यक्ष पद के नाम पर अवधेश प्रसाद के नाम पर गठबंधन को कोई आपत्ति नहीं



**फैजाबाद, एजेंसी।** लोकसभा अध्यक्ष पद को लेकर शिकस्त के बाद इंडिया गठबंधन उपाध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहा है। गठबंधन समाजवादी पार्टी से वरिष्ठ सांसद अवधेश प्रसाद पर दांव लगा सकता है। 78 वर्षीय अवधेश प्रसाद दलित समुदाय से आते हैं और फैजाबाद (अयोध्या) से जीतकर संसद पहुंचे हैं। अवधेश प्रसाद संसद में अक्सर राहुल गांधी के साथ पहली सीट पर बैठते हैं। सूत्रों का कहना है कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उपाध्यक्ष पद को लेकर तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से बात की है। ममता बनर्जी ने उपाध्यक्ष के लिए अवधेश प्रसाद का नाम सुझाया है। इंडिया गठबंधन में भी तृणमूल कांग्रेस ने अवधेश प्रसाद को उपाध्यक्ष पद के लिए उम्मीदवार बनाने का सुझाव दिया था। कई दलों ने इसका स्वागत किया। कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि अवधेश प्रसाद के नाम पर पार्टी को कोई आपत्ति नहीं है। ऐसे में साफ है कि कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और तृणमूल कांग्रेस अवधेश प्रसाद को उपाध्यक्ष पद के लिए उम्मीदवार बनाने पर सहमति बन चुकी है। इंडिया गठबंधन के बाकी दलों के साथ इस मुद्दे पर चर्चा जारी है। उपाध्यक्ष के चुनाव के वक्त गठबंधन उम्मीदवार घोषित करेगा। गठबंधन सपा सांसद अवधेश प्रसाद को अपना उम्मीदवार घोषित कर संविधान बचाने की मुहिम को और मजबूत करना चाहता है। क्योंकि, लोकसभा अध्यक्ष पद के चुनाव में गठबंधन ने कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद के सुरेश को अपना प्रत्याशी घोषित किया था। के सुरेश भी दलित समुदाय से आते हैं। ऐसे में अवधेश प्रसाद की उम्मीदवारी से दलित समुदाय में एक संदेश जाएगा।

### प्रभु श्रीराम सुदीर्घ जीवन और उत्तम स्वास्थ्य दें; अखिलेश यादव के जन्मदिन पर सीएम योगी की बधाई

**लखनऊ, एजेंसी।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव आज अपना जन्मदिन मना रहे हैं। इस मौके पर सपा कार्यकर्ताओं ने प्रदेश भर में कार्यक्रम आयोजित किए हैं। अखिलेश को बधाइयों का तांता लगा है। इनमें एक खास बधाई संदेश आया है मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में मुख्यमंत्री योगी ने अखिलेश यादव को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने बधाई संदेश में एक्स पर लिखा, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई! प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि आपको सुदीर्घ जीवन और उत्तम स्वास्थ्य की प्राप्ति हो। अखिलेश यादव के जन्मदिन पर सोमवार को लखनऊ में कई कार्यक्रम हुए। सपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मंदिरों में पूजा-अर्चना, हवन और भंडारे का आयोजन कर अखिलेश यादव के दीर्घायु होने के साथ ही उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। जन्मदिन के मौके पर सपा के लखनऊ स्थित मुख्यालय के बाहर लगे पोस्टर चर्चा में हैं। इनमें से कई पोस्टरों में अखिलेश यादव को भावी प्रधानमंत्री बताया गया है। पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन पर सपाइयों ने केक काटा, पौधरोपण किया और जश्न मनाया।

# महाराष्ट्र के लोनावला में एक ही परिवार के 5 लोग भुशी डैम में बहे; तीन के शव बरामद, दो लापता

**पुणे /लोनावला , एजेंसी।** महाराष्ट्र में पुणे के लोनावला में भूशी बांध के करीब एक तालाब में डूबने की एक घटना का दिल दहला देने वाला वीडियो सामने आया है। जिसमें सात लोग झरने के तेज बहाव में एक दुसरे को पकड़े हुए खड़े हैं। आसपास के लोग लगातार उनकी मदद करने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन तेज बहाव के कारण वह उस परिवार की मदद नहीं कर पा रहे हैं। लगातार बढ़ता पानी का बहाव उनके पैर हिला देता है और पूरा का पूरा परिवार पानी के तेज बहाव में बह जाता है।

**सात में से केवल दो आ पाए किनारे 5 बहे :** पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक उनमें से केवल दो लोग तैर कर किनारे पर आ पाए, जबकि बाकी पांच लोग पानी के तेज बहाव में बह जाते हैं। इस घटना में एक 40 वर्षीय महिला और 13 और 8 साल की दो लड़कियों की डूबने ने मौत हो गई है। वहां आसपास मौजूद लोगों के मुताबिक बारिश के मौसम में यह परिवार यहां पानी का आनंद ले रहा था तभी लगातार होती बारिश पानी का बहाव तेज हो गया और वे सभी एक चट्टान पर फंस गए लोगों ने उनकी मदद करने की बहुत कोशिश की लेकिन तेज बहाव में किसी की भी इतनी हिम्मत नहीं हुई की पानी में कूद कर उनकी जान को बचा सके। तेज बहाव में परिवार के पांच लोग बह गए जिससे उनकी मौत हो गई। लोनावला के इस झरने को रेलवे झरना कहा जाता है, यहीं से पानी भुशी बांध में जाता है। बताया जा रहा है कि दो बच्चे अभी और लापता हैं। लापता बच्चों की उम्र करीब 6 से 9 साल के बीच है। इनकी तलाश की जा रही है।



जबकि दो लोगों के शवों को बरामद कर लिया गया है। लोनावला शहर पुलिस और शिव दुर्ग बचाव दल शवों की तलाश में लगा हुआ है। पर्यटकों की भीड़ ज्यादा सुरक्षा के इंतजाम नकाफी पुणे देहात के पुलिस अधीक्षक पंकज देशमुख ने कहा कि यह घटना दोपहर के करीब डेढ़ बजे हुई, जिसके बाद तलाश एवं बचाव दलों को मौके पर भेजा गया। बारिश के मौसम में यहां पर घूमने वालों की संख्या में इजाफा हो जाता है। रविवार होने के कारण लोगों की काफी भीड़ यहां पर थी। ज्यादा संख्या में लोगों का होना और फिर ऐसे मौसम में जरा सी लापरवाही लोगों की जान की दुश्मन बन जाती है। इस मामले में भी फिलहाल अभी पूछताछ चल रही है। घटना का वीडियो सामने आ चुका है। परिवार धारा के बीच में क्या कर रहा था। इस बारे में भी पूछताछ जारी है। देशमुख ने कहा कि सभी लोग पुणे के सैय्यद नगर के रहने वाले हैं। यह सभी एक ही परिवार के सदस्य है। मृत महिला की पहचान शहीना परवीना के रूप मे हुई है। घटना में 6 वर्षीय लड़की और चार वर्षीय एक लड़का लापता हैं। इनके लिए सर्च ऑपरेशन जारी है। लगातार होती बारिश के कारण बचाव दल को शवों को ढूंढने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। क्योंकि झरने का बहाव भी तेज हो रहा है।

# कांग्रेस ने आरक्षण की सीमा बढ़ाने के लिए कानून बनाने का दबाव केंद्र सरकार पर बनाना शुरू किया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बिहार में जेडीयू के बाद अब कांग्रेस ने आरक्षण की सीमा बढ़ाने के लिए कानून बनाने का दबाव सरकार पर बनाना शुरू कर दिया है। कांग्रेस का कहना है कि एससी, एसटी और अन्य पिछड़ी जातियों को आरक्षण देने के लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्धारित किए गए 50 फीसदी की सीमा को बढ़ाने की जरूरत है और इसके लिए संसद में कानून बनाना ही रास्ता है। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कहा कि संसद के अगले सत्र में विधेयक लाया जाए और उससे पहले पीएम अपना रुख स्पष्ट करें। दो दिन पहले नई दिल्ली में जेडीयू कार्यकारिणी की बैठक में भी एक प्रस्ताव पास किया गया था जिसमें केंद्र सरकार से बिहार के आरक्षण बढ़ाने वाले कानून को संविधान की नौवीं सूची में शामिल करने की बात कही गई थी। इस प्रस्ताव में कहा गया था कि आरक्षण को 50 फीसदी की



सीमा से आगे बढ़ाने के लिए न्यायिक समीक्षा की जरूरत है। रविवार को सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म एक्स पर कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने कहा, आखिर बिहार में बीजेपी-जेडीयू की गठबंधन सरकार शांत क्यों है। उनका कहना है कि 50 फीसदी ज्यादा के आरक्षण वाले कानून को नौवीं सूची में रखना विकल्प नहीं है क्योंकि सुप्रीम कोर्ट के 2007 के फैसले के मुताबिक इस तरह के मामले भी न्यायिक समीक्षा का विषय हैं। उन्होंने कहा कि संविधान में 50 फीसदी आरक्षण की सीमा अनिवार्य नहीं की गई थी। यह सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद हुआ है। ऐसे में केवल संविधान में संशोधन करना ही उपाय है और इसका वादा कांग्रेस पार्टी ने अपने घोषणापत्र में किया था। रमेश ने कहा कि प्रधानमंत्री को स्पष्ट करना चाहिए कि इसपर उनका क्या रुख है। हमारी मांग यही है कि अगले सत्र में विधेयक लाया जाना चाहिए। वहीं जेडीयू को भी केवल प्रस्ताव पारित करने तक सीमित नहीं रहना चाहिए। बता दें कि लोकसभा चुनाव में प्रचार के दौरान कांग्रेस ने संविधान में बदलाव को बड़ा मुद्दा बनाया था। कांग्रेस का कहना था कि अगर एनडीए की सरकार बनती है तो वह संविधान को बदल देगी और आरक्षण ले लेगी। वहीं अब आरक्षण के लिए कांग्रेस खुध संविधान संशोधन विधेयक लाने की मांग कर रही है।

# नाथ संप्रदाय सनातन धर्म का महत्वपूर्ण पंथ, बोले सीएम योगी आदित्यनाथ

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान के कोटकासिम के लाडपुर में स्थित बाबा सोमनाथ मंदिर में रविवार को कैलासवासी बाबा सोमनाथ की 24वीं पुण्यतिथि समारोह मनाया। इस कार्यक्रम में यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ उपस्थित हुए। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मुझे इस कार्यक्रम में आने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। राजस्थान भक्ति और शक्ति की धरती है। यहां अरावली की पहाड़ियों में अनेक संतों ने तपस्या की। हम सबका मानना है सनातन धर्म भारत की आत्मा है। नाथ संप्रदाय भारत के सनातन धर्म का महत्वपूर्ण पंथ है। अनेक उपासना पद्धतियां हो सकती हैं पर सब एक हैं। सनातन धर्म ही भारत की आत्मा है एक दूसरे के पूरक हैं। इन्हें अलग नहीं कर सकते। पूज्य संतों के लोक क्लयाण के काम इसी अभिषेक के अन्तर्गत है। योगी खेतानाथ महाराज ने लोक कल्याण में जीवन समर्पित किया। महंत सोमनाथ जी का जीवन भी सनातन के लिए लगा। योगी आदित्यनाथ ने आगे कहा कि बीमारी है तो उसका उपचार भी है। समय से बीमारी का उपचार जरूरी है। बीमारी बढ़ती तो सर्जरी भी करनी पड़ती है।



उन्होंने कहा कि हमारा जो कुछ भी है वो देश के लिए सनातन के लिए होना चाहिये। इसलिए मोदी जी ने एक भारत श्रेष्ठ भारत की बात की। जाति क्षेत्र भाषा के नाम पर बंटे रहेंगे तो उसका लाभ भारत के दुश्मन और सनातन के दुश्मन लेंगे। नहीं तो वही काल फिर आएगा जब न धर्म स्थल सुरक्षित थे न बेटी सुरक्षित रहेंगी। परिमार्जन का काम करने वाली राजनीति का अंगीकार करें। आप सभी बांटने वाली राजनीति को ठुकराने का काम करें। कांग्रेस वही काम कर रही है जो पहले आक्रांता करते थे। जाति पाती से मुक्त व्यवस्था होनी चाहिए। ऐसे नौजवानों की एक टीम देश को समर्पित करनी होगी। बर्बर हमलों को रोकने के लिए नाथ संप्रदाय ने लोगों को जागरूक किया है।

# स्वर्ण मंदिर में योग के बाद सिख धर्मगुरु के आरएसएस कैंप में जाने पर विवाद, मांगनी पड़ी माफी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** योग दिवस के मौके पर स्वर्ण मंदिर में गुजरात की एक महिला अर्चना मकवाना ने योगासन किए थे। इसे लेकर शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने ऐतराज जताया था और इसे सिखी के खिलाफ बताते हुए केस भी दर्ज करा दिया था। इस मामले में अर्चना ने माफी मांग ली थी, लेकिन इसके बाद भी ऐक्शन की मांग हो रही है। अब हरियाणा के कुरुक्षेत्र में एक सिख धर्मगुरु के आरएसएस के कार्यक्रम में जाने पर विवाद हो गया है। उनकी तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो गई और सिख पंथ के कुछ लोगों की ओर से सवाल उठाए जाने लगे। इसके चलते कुरुक्षेत्र के गुरुद्वारा उदासीन ब्रह्म अखाड़ा साहिब के बाबा गुरविंदर सिंह को माफी मांगनी पड़ी है। अकात तख्त के जत्थेदार को लिखी चिट्ठी में बाबा गुरविंदर सिंह ने कहा कि मेरे से अज्ञानता के चलते यह गलती हुई है। उन्होंने लिखा, मैं हरियाणा के कुरुक्षेत्र में एक स्कूल के कार्यक्रम में गया था। मुझे यह जानकारी नहीं थी कि यह आरएसएस का कार्यक्रम है, जो 23 जून, 2024 को आयोजित हुआ था। मुझे वहां पहुंचने पर पता चला कि यह आरएसएस का आयोजन है। मेरा उनसे कोई रिश्ता नहीं है। उन्होंने कहा कि मैं भविष्य में ऐसी कोई गलती नहीं करूंगा। बाबा गुरविंदर ने कहा, मैं और हमारा पूरा स्थान श्री अकाल तख्त साहिब को समर्पित है। मैं



ऐसा कोई काम भविष्य में नहीं करूंगा, जिससे पंथ को चोट पहुंचती हो। बाबा गुरविंदर सिंह ने कहा कि एक अज्ञानी और अकिंचन सिख होने के चलते मुझे माफ कर दिया जाए। अकाल तख्त की ओर से मुझे जो भी आदेश दिया जाएगा, वहां मैं हाजिर रहूंगा। संघ सूत्रों का कहना है कि आरएसएस का शिविर कुरुक्षेत्र के एक स्कूल में लगा था। इस शिविर का समापन कार्यक्रम 23 जून को था, जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर बाबा गुरविंदर सिंह को बुलाया गया था। कार्यक्रम को वीडियो भी वायरल है, जिसमें बाबा गुरविंदर सिंह संघ के स्वयंसेवकों को सिखों का इतिहास बताते हुए प्रोत्साहित करते हैं। बाबा गुरविंदर सिंह की तस्वीरें और वीडियो आने के बाद सोशल मीडिया पर सिखों का एक वर्ग उन्हें ट्रोल कर रहा था। अंत में उन्होंने माफी ही मांग ली है। वीडियो जारी करके भी दी सफाई, बोले- 24 साल की तपस्या है सिख धर्मगुरु ने एक वीडियो भी जारी किया है, जिसमें उन्होंने सफाई दी है। बाबा गुरविंदर सिंह ने कहा कि मैंने 24 सालों तक खालसा पंथ की सेवा की है। यदि इन 24 सालों में मेरा कोई भी काम अकाल तख्त के खिलाफ रहा हो तो कोई चौराहे पर आवाज देकर मुझे गोली मार सकता है। यही नहीं मैंने यदि इस दौरान कभी आरएसएस के एजेंट के तौर पर काम किया हो तो भगवान मुझे माफ नहीं करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### बैडमिंटन

## अंतिम ग्रुप मैच में इंडोनेशिया ने भारत को 1-4 से हराया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** बैडमिंटन एशिया जूनियर मिश्रित टीम चैंपियनशिप के तहत रविवार को खेले गए मुकाबले में इंडोनेशिया ने भारत को 1-4 से हरा दिया। इसी के साथ भारत ग्रुप सी में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। अब भारत का चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में उसका सामना मलयेशिया से होगा।

नॉकआउट चरण के लिए पहले ही क्वालिफाई कर चुके भारत ने इंडोनेशिया के खिलाफ अंतिम ग्रुप मैच के लिए अपनी पूरी लाइन-अप बदल दी। उन्होंने लड़कियों के एकल में तन्वी शर्मा को आराम दिया और नए मिश्रित और पुरुष युगल को उतारा। वंश देव और श्रावणी वालेकर की मिश्रित युगल जोड़ी ने तौफिक अदर्या और क्लेयरिन मुलिया से पहला मैच 14-21, 16-21 से गंवा दिया।

ध्रुव नेगी एक घंटे से ज्यादा समय तक चले मैच में ब्यूनो ओकटोरा से 14-21, 21-11, 11-21 से हार गए। भार्गव राम अरिगेला और विश्व तेज गोब्बुरू को लड़कों के युगल में एंसेलमस प्रसेत्या और पुलुंग रामाधन से 17-21, 15-21 से हार का सामना करना पड़ा जिससे भारत यह मुकाबला गंवा बैठा। नव्या कांडेरी ने मुटियारा पुष्पितसारी पर 21-19, 21-19 से जीत दर्ज की।

### अपना सिर ऊंचा रखें

## एबी डिविलियर्स ने बढ़ाया दक्षिण अफ्रीकी टीम का हौसला



**जोहान्सबर्ग, एजेंसी।** आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 में भारत के खिलाफ हार के बाद दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान एबी डिविलियर्स ने रविवार को सोशल मीडिया पर प्रोटियाज टीम को सांत्वना दी। अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पंड्या की तिकड़ी की बेहतरीन गेंदबाजी और विराट कोहली और अक्षर पटेल की शानदार पारियों ने विश्व कप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 7 रन से हराकर आईसीसी ट्रॉफी का सूखा खत्म किया। प्रोटियाज टीम को एक बार फिर आईसीसी खिताब जीतने में निराशा हुई है। इस बीच, भारत ने 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी के बाद अपना पहला आईसीसी खिताब जीतकर अपने 11 साल लंबे आईसीसी ट्रॉफी सूखे को समाप्त कर दिया है। भारत पहली टीम है जिसने खिताब पर अविजित कब्जा किया है। डिविलियर्स ने एक्स पर लिखा- अपना सिर ऊंचा रखें, आप किसी भी एसए टीम से आगे निकल गए। आप सभी हीरो हैं। सर्वश्रेष्ठ आना अभी बाकी है। भारत को बधाई।

# भारतीय महिला टीम ने साउथ अफ्रीका को टेस्ट मैच में दस विकेट से हराया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम और साउथ अफ्रीका के बीच खेला जा रहा टेस्ट मैच अब खत्म हो गया है। चार दिन तक चले इस मुकाबले को टीम इंडिया ने 10 विकेट से अपने नाम कर लिया है। टीम इंडिया को दूसरी पारी में महज 37 रन की जरूरत थी, जो उसने बिना किसी विकेट नुकसान के हासिल कर लिया। भारत ने इस टारगेट को 10वें ओवर में ही हासिल कर लिया और सीरीज भी अपने नाम कर ली। वैसे तो इस मैच में भारतीय महिला टीम के बल्लेबाजों ने कमाल का प्रदर्शन किया, लेकिन इस बीच गेंदबाज स्नेह राणा ने जिस तरह का खेल दिखाया है, वो काबिलेतारीफ रहा। उन्हें मैच के दौरान 10 विकेट लेकर कीर्तिमान रच दिया।




### दूसरी पारी में भी स्नेह राणा ने लिए दो विकेट

दूसरी पारी में स्नेह राणा ने 40 ओवर की गेंदबाजी करते हुए 12 मेडल डालकर कुल 111 रन दिए और दो विकेट अपनी झोली में डाले। इसके साथ ही उनके 10 विकेट पूरे हो गए। दूसरी पारी में स्नेह राणा के दो विकेट के अलावा दीप्ति शर्मा, राजेश्वरी गायकवाड ने भी दो दो विकेट लिए। वहीं पूजा वस्त्रकार, शेफाली वर्मा और कप्तान हरमनप्रीत कौर ने भी एक एक विकेट अपने नाम किया। स्नेह राणा के अलावा भारत की केवल झूलन गोस्वामी ही ऐसी गेंदबाज रही हैं, जिन्होंने एक टेस्ट मैच में 10 विकेट लेने का काम किया है।

मैच की बात करें तो भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट पर 603 रन बनाकर पारी घोषित कर दी थी। इसमें शेफाली वर्मा का दोहरा शतक और स्मृति मंधाना की शतकीय पारी शामिल रही। वहीं जेमिमा रॉड्रिक्स, हरमनप्रीत कौर और रिचा घोष का अर्धशतक शामिल रहा।

इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी साउथ अफ्रीका की पूरी टीम 266 रन पर ही सिमट गई, इसलिए उन्हें फालोआन का सामना करना पड़ा। इसके बाद साउथ अफ्रीका ने अपनी दूसरी पारी में 373 रन बनाए थे। यानी भारत को केवल 37 रनों का टारगेट मिला, जिसे उसने बिना किसी विकेट के नुकसान के हासिल कर मुकाबले को दस विकेट से अपने नाम कर लिया।

### स्नेह राणा ने मुकाबले में चटकाए कुल 10 विकेट

मैच की पहली पारी में स्नेह राणा के सामने साउथ अफ्रीका की बल्लेबाज टिककर नहीं खेल पाईं। राणा ने 25.3 ओवर की गेंदबाजी में 77 रन देकर 8 विकेट हासिल किए। उन्होंने चार ओवर तो ऐसे फेंके जहां कोई भी रन नहीं गया। जब उन्होंने पहली ही पारी में आठ विकेट चटका दिए थे, तभी करीब करीब तय हो गया था कि वे कम से कम दस विकेट मैच में पूरे कर सकती हैं। साथ ही साउथ अफ्रीका को फालोआन भी मिल गया, इससे उन्हें तुरंत ही फिर से बल्लेबाजी के लिए आना पड़ा।



## टी-20 विश्व कप का खिताब जीतने के पीछे देश की दुआएं और अपनों का प्यार: मोहम्मद शमी

**अमरोहा, एजेंसी।** भारत के आईसीसी टी20 विश्व कप जीतने के बाद से देश में खुशी का माहौल है। टीम इंडिया को जीत की बधाई देते हुए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर एवं तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने इसे अभूतपूर्व क्षण बताया है। उन्होंने टीम इंडिया और देशवासियों को जीत की बधाई देते हुए कहा कि 13 साल के इंतजार के बाद भारतीय टीम ने विश्वकप का कोई खिताब अपने नाम किया है।

यह सब देश की दुआओं और टीम की मेहनत से हुआ है। यह टीम इंडिया के लिए अभूतपूर्व क्षण है। एक समय ऐसा लगा था कि भारतीय टीम के हाथ से टॉफी फिसल जाएगी। लेकिन इसके बाद भारतीय खिलाड़ियों ने न केवल मैच में वापसी की बल्कि टी-20 का विश्व चैंपियन भी बने। उन्होंने कहा कि क्रिकेट के किसी भी फॉर्मेट से संन्यास की घोषणा एक खिलाड़ी के लिए बहुत भावुक पल होता है।

रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविंद्र जडेजा ने टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। सभी खिलाड़ियों ने क्रिकेट और देश के लिए बड़ा योगदान दिया है। इसके साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा, पीएम मोदी चुनाव में अमरोहा आए थे। उन्होंने मेरा नाम लिया, यह मेरे और मेरे गांव के लिए बड़ी बात है। दरअसल मोहम्मद शमी अमरोहा के गांव सहसपुर अलीनगर के रहने वाले हैं। टीम इंडिया की जीत के बाद उनके गांव में भी खुशी का माहौल है।

# कौन होगा भारत का अगला टी-20 कप्तान



**नईदिल्ली, एजेंसी।** 29 जून को भारत ने दूसरी बार टी-20 वर्ल्ड कप जीता...चैंपियन बनते ही टीम के 3 दिग्गजों ने टी-20 इंटरनेशनल को अलविदा कह दिया, इनमें विराट कोहली और रवींद्र जडेजा के साथ कप्तान रोहित शर्मा भी रहे। अब हमें अगला टी-20 वर्ल्ड कप कौन सा कप्तान जिताएगा...क्या वह फाइनल चेंजिंग कैच पकड़ने वाले सूर्यकुमार यादव होंगे। खतरनाक साबित हो रहे क्लासन और मिलर को पवेलियन भेजने वाले हार्दिक पंड्या होंगे, प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट जसप्रीत बुमराह या फिर मौत को मात देकर वर्ल्ड चैंपियन बनने वाले मिरेकल मैन ऋषभ पंत होंगे।

# आईपीएल को भी बाय-बाय कहेंगे रोहित शर्मा?

### टी-20 फॉर्मेट से संन्यास के बाद तोड़ी चुप्पी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** चैम्पियनन बनने के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए रोहित से आईपीएल में उनके भविष्य के बारे में पूछा गया. इस पर उन्होंने सभी को आश्वस्त किया कि वह फिलहाल आईपीएल में अभी खेलना जारी रखेंगे. रोहित ने मीडिया से बात करते हुए कहा- मैंने इस समय टी-20 से संन्यास लेने के बारे में नहीं सोचा था, लेकिन जिस तरह की स्थिति आ गई है, मुझे लगा कि मेरे लिए टी-20 को अलविदा कहने के लिए यह बिल्कुल सही सिचुएशन है और हां, मैं 100 फीसदी आईपीएल खेलूंगा.

रोहित शर्मा ने भारत को 2024 का टी20 वर्ल्ड कप खिताब दिलाने के बाद टी20 क्रिकेट से संन्यास लेने का ऐलान किया था. रोहित से पहले मैच के तुरंत बाद विराट कोहली ने संन्यास लिया था, बाद में इस फॉर्मेट से संन्यास लेने वालों की लिस्ट



में रवींद्र जडेजा भी शमिल हुए थे. 2007 में टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू करने वाले रोहित को अब तक आयोजित हर टी20 वर्ल्ड कप में खेलने वाले एकमात्र भारतीय क्रिकेटर होने का अनूठा गौरव प्राप्त है. रोहित ने हाल में हुए टी20 वर्ल्ड कप के 8 मैचों में 257 रन बनाए, जो भारतीय खिलाड़ी के लिहाज से सबसे ज्यादा रहे.

### रोहित कप्तानी से हटे तो पंड्या हुए ट्रोल

रोहित शर्मा आईपीएल में 5 बार मुंबई इंडियंस को चैम्पियन बना चुके हैं. इस बार यानी आईपीएल 2024 में रोहित हार्दिक पंड्या के अंडर खेलते हुए नजर आए थे. जिसके बाद हार्दिक को सोशल मीडिया से लेकर मैदान तक काफी आलोचना झेलनी पड़ी थी. मुंबई का प्रदर्शन भी हार्दिक की कप्तानी में फुस्स था.

### खिलाड़ियों की रवानगी से पहले विदाई समारोह में मांडविया बोले-

# भारत की पदक तालिका में होगा सुधार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय दल में करीब 120 एथलीट शामिल हैं, जिनमें भाला फेंक में ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा, 16 सदस्यीय पुरुष हॉकी टीम और रिकॉर्ड 21 निशानेबाज शामिल हैं। पेरिस ओलंपिक की शुरुआत 26 जुलाई से होगी।

इससे पहले रविवार को पेरिस जाने वाले एथलीटों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने आगामी टूर्नामेंट में भारतीय दल द्वारा नया मानदंड स्थापित करने की उम्मीद जताई गई। इस बात पर जोर दिया गया कि हाल के वर्षों में सरकार के लिए खेल प्राथमिकता रहे हैं। इस विदाई समारोह में एथलीटों, भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में खेलों से पहले एथलीटों के समर्थन में सरकार की टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) के बारे में बताया गया।

मांडविया ने पेरिस जाने वाले एथलीटों की औपचारिक विदाई और किट के अनावरण के दौरान कहा, मुझे विश्वास है कि यह दल खेलों में भारत के विकास को बनाए रखेगा। हमने 2016 रियो में दो पदकों से बढ़कर तोक्यो में सात पदक हासिल किए। नीरज चोपड़ा के स्वर्ण पदक से भारत तालिका में 67वें से 48वें (स्थान) पर पहुंच गया। मुझे उम्मीद है कि हमारे



एथलीट हमें इस बार पदक तालिका में और भी ऊपर ले जाएंगे। पेरिस जाने वाले भारतीय दल की तीन किट (औपचारिक पोशाक, खेल पोशाक, और यात्रा पोशाक) का अनावरण किया गया। मांडविया ने आगे कहा, यह कार्यक्रम सिर्फ किट और औपचारिक पोशाक के अनावरण के बारे में नहीं है, बल्कि उन अरबों भारतीयों के सपनों और आकांक्षाओं का प्रतीक है जो एथलीटों के पीछे एकजुट हैं।

आईओए प्रमुख उषा ने कहा कि पेरिस में एथलीटों को सर्वश्रेष्ठ सहायता प्रणाली प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा, हमने डॉ. दिनशॉ पारदीवाला के नेतृत्व में एक मजबूत टीम इकट्ठी की है। इसमें खेल चिकित्सा विशेषज्ञ, कल्याण विशेषज्ञ, पोषण विशेषज्ञ, फिजियोथेरेपिस्ट और एक नींद वैज्ञानिक शामिल हैं।

भारतीय दल में करीब 120 एथलीट शामिल हैं, जिनमें भाला फेंक में ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा, 16 सदस्यीय पुरुष हॉकी टीम और रिकॉर्ड 21 निशानेबाज शामिल हैं। उषा ने आगे कहा, पहली बार, आईओए एथलीटों और कोचिंग और सहयोगी स्टाफ को भागीदारी भत्ता भी देगा। मुझे विश्वास है कि भारत किसी भी ओलंपिक के मुकाबले पेरिस में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ वापस आएगा।

# दिनेश कार्तिक की आईपीएल में फिर वापसी?

### संन्यास लेने के 30 दिन बाद मिलप्पी बड़ी जिम्मेदारी...

**नईदिल्ली, एजेंसी।** विकेटकीपर-बल्लेबाज दिनेश कार्तिक को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरुने अपना बैटिंग कोच और मेंटर नियुक्त किया है। इस बारे में एक सोशल मीडिया पोस्ट में आरसीबी की ओर से जानकारी दी गई। कार्तिक ने क्रिकेट के हर फॉर्मेट के साथ इंडियन प्रीमियर लीग से संन्यास लेने का आधिकारिक ऐलान इसी साल 1 जून को किया था।



आरसीबी ने अपने पोस्ट में लिखा, हमारे कीपर का हर मायने में स्वागत है, दिनेश कार्तिक, एक नए अवतार में आरसीबी में वापस। DK आरसीबी मेंस टीम के बैटिंग कोच और मेंटर होंगे। आप क्रिकेट से इस शख्स निकाल सकते हैं, लेकिन शख्स से क्रिकेट को नहीं। उन्हें ढेर सारा प्यार दें, 12वें मैन आर्मी। दिनेश कार्तिक भारत के साथ 2 आईसीसी ट्रॉफी जीत चुके है। इसमें 2007 टी-20 वर्ल्ड कप और 2013 चैंपियंस ट्रॉफी शामिल है। कार्तिक ने भारत के लिए 26 टेस्ट, 94 वनडे और 60 टी-20 इंटरनेशनल मुकाबले खेले हैं।

कार्तिक ने आईसीसी ट्रॉफी के साथ ही साल 2010 और 2018 में भारत के साथ एशिया कप भी जीता है। कार्तिक ने साल 2022 में भारत के लिए बांग्लादेश के खिलाफ टी-20 वर्ल्ड कप में अपना आखिरी इंटरनेशनल मुकाबला खेला था।

### कार्तिक ने एक आईपीएल ट्रॉफी जीती

कार्तिक अब तक सभी आईपीएल सीजन खेलने वाले कुछ खिलाड़ियों में शामिल है। उन्होंने इस लीग में 257 मैच खेले और 26.32 की औसत से 4,842 रन बनाए।

# जो हो गया उसे छोड़ो, गलतियों से सीखो, मजबूत होकर वापसी करो- सिंधु का ओलंपिक मंत्र

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पेरिस ओलंपिक में अब एक महीने से भी कम समय रह गया है, इसलिए उम्मीदें अपने चरम पर हैं और प्रशंसकों को उम्मीद है कि दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु इस चतुष्कोणीय ओलंपिक में पदकों की हैट्रिक पूरी करेंगी। लेकिन, सिंधु की पेरिस यात्रा कठिन रही है क्योंकि चोट के कारण लंबी छुट्टी से वापस आने के बाद वह पिछले साल कोई भी खिताब जीतने में असफल रहीं।

इस बीच, उन्होंने अपने दक्षिण कोरियाई कोच पार्क ताए-सांग से नाता तोड़ लिया और मलेशिया के हाफ़िज़ हाशिम को नियुक्त किया, लेकिन वांछित परिणाम प्राप्त करने में विफल रहने के कारण छह महीने बाद ही वह अलग हो गई। निराशाजनक नतीजों की श्रृंखला के कारण सिंधु विश्व रैंकिंग में शीर्ष 10 से भी बाहर हो गईं। उन्होंने धीरे-धीरे गति पकड़ी और रेस टू पेरिस रैंकिंग सूची में 12वें स्थान पर रहने के बाद लगातार तीसरे ओलंपिक के लिए स्थान पक्का कर लिया। पेरिस गेम्स के लिए टिकट हासिल करने के बाद, सिंधु ने लगभग एक साल में अपना पहला फाइनल खेला जब वह पिछले महीने मलेशिया मास्टर्स के शिखर मुकाबले में पहुंची जहां वह चीन की वांग झी यी से खिताब हार गईं।भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा एक मीडिया बातचीत में, जब सिंधु से पूछा गया कि जब वह अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर नहीं थीं, तब उन्होंने उस चुनौतीपूर्ण चरण का सामना कैसे किया, तो उन्होंने कहा कि गलतियों से सीखना, जो हुआ उसे छोड़ना और



मजबूत होकर वापस आना महत्वपूर्ण है। देखिए, आप जानते हैं, मुझे लगता है कि ऐसे मैच होते हैं जहां कभी-कभी आप आगे रह सकते हैं और कभी-कभी आप हार भी सकते हैं। मलेशियाई मास्टर्स में मेरे साथ ऐसा हुआ था। ऐसा नहीं है कि मैं अच्छी स्थिति में नहीं थी, लेकिन मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ खेला और कभी-कभी आप नेतृत्व कर रहे होते हैं और ऐसा होता है और यह ठीक है, मुझे लगता है कि यह महत्वपूर्ण है।

सिंधु ने एक सवाल के जवाब में कहा, मेरे लिए जब मैं कोई मैच हार जाती हूं या जब आपके सामने कोई और प्रतियोगिता आने वाली होती है, तो मुझे लगता है कि यह महत्वपूर्ण है कि आप अपनी गलतियों से सीखें और मजबूत होकर वापस आएं और जो हो गया उसे छोड़ दें और सिर्फ अगले टूर्नामेंट पर ध्यान केंद्रित करें। मेरा मतलब है, हर कोई एक-दूसरे के खेल को जानता है। बात सिर्फ इतनी है कि उस दिन, जो अच्छा खेलता है और सर्वश्रेष्ठ देता है वह विजेता होता है। इसलिए, मलेशिया मास्टर्स में जो हुआ है, मुझे पता है कि यह थोड़ा दुखद है कि मैं वह जीत हासिल कर सकती थी।

मैं 11-3 से आगे थी, यह सिर्फ उन 11 अंकों की बात है और मैं चैंपियनशिप जीत सकती थी लेकिन मुझे लगा कि यह मेरा दिन नहीं था क्योंकि मैंने सब कुछ किया और यह काम नहीं आया, लेकिन, यह ठीक है, मैंने जीत हासिल की, कुछ गलतियों से बहुत कुछ सीखा..।

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान में फुटपाथ से टकराकर पलटा वाहन, 7 लोगों की मौत व घायल



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के कराची में एक तेज रफ्तार वाहन के फुटपाथ से टकराकर पलट जाने से कम से कम सात लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक यह दुर्घटना सिंध प्रांत में उस समय हुई जब एक ट्रेलर ने यू-टर्न लिया और पीछे से आ रहा कोस्टर (एक प्रकार का वाहन) उससे टकरा गया और पलट गया। पाकिस्तान के दैनिक समाचारपत्र डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस ने बताया कि ट्रेलर का चालक भाग गया, जबकि कोस्टर का चालक इस हादसे में घायल हो गया। समाचार पत्र द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के मुताबिक इस दुर्घटना में महिलाओं और बच्चों सहित सात लोगों की मौत हो गई। आपातकालीन प्रतिक्रिया दल ने घायलों को तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान की। मृतकों के शवों को आगे की कानूनी प्रक्रियाओं के लिए सिविल अस्पताल कराची में स्थानांतरित कर दिया गया है। इस बीच, सिंध प्रांत के मुख्यमंत्री मुराद अली शाह ने दुर्घटना में लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया है।

### नाइजीरिया में महिला आत्मघाती हमलावरों ने शादी समारोह व अंतिम संस्कार कार्यक्रम में किए अटैक, 18 लोगों की मौत



**अबुजा, एजेंसी।** उत्तरी नाइजीरिया में महिला आत्मघाती हमलावरों ने एक विवाह समारोह, अंतिम संस्कार कार्यक्रम और एक अस्पताल को निशाना बनाकर समन्वित हमले किए जिनमें कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई और 30 अन्य लोग घायल हो गए। स्थानीय प्राधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। बोर्नो राज्य में हुए इन हमलों की जिम्मेदारी अभी तक किसी ने नहीं ली है। यह राज्य बोको हराम के उग्रवाद से बुरी तरह प्रभावित हुआ है। चरमपंथी समूह आत्मघाती बम विस्फोटों में पहले भी महिलाओं और लड़कियों का इस्तेमाल कर चुका है जिससे यह संदेह पैदा होता है कि इनमें से कुछ हमलावर उन स्कूली बच्चों समेत हजारों लोगों में से हैं जिन्हें आतंकवादियों ने पिछले कुछ सालों में अगवा किया है। बोर्नो राज्य आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी के महानिदेशक बार्किंडो सैदु ने संवाददाताओं को बताया कि एक आत्मघाती हमलावर ने उत्तरपूर्वी शहर ग्वोजा में एक विवाह समारोह के दौरान विस्फोट किया। सैदु ने कहा, कुछ ही मिनट बाद जनरल अस्पताल के पास एक और धमाका हुआ और अंतिम संस्कार के दौरान तीसरा हमला हुआ। उन्होंने बताया कि मृतकों में बच्चे और गर्भवती महिलाएं भी शामिल हैं। सैदु ने कहा कि कम से कम 30 अन्य घायल हुए हैं। नाइजीरिया के राष्ट्रपति बोला टीनुबू ने एक बयान में इन हमलों को आतंक की हताशाजनक हरकत बताया है। बोको हराम की एक शाखा इस्लामिक स्टेट समूह से संबद्ध है और यह नाइजीरिया में इस्लामिक राज्य स्थापित करना चाहता है। अधिकारियों ने शहर में कर्फ्यू लगा दिया है।

### कैंसर से लड़ाई के बीच किंग चार्ल्स की नई तस्वीर आई सामने, शाही सैन्य पोशाक में दिखे ब्रिटेन के राजा

**लंदन, एजेंसी।** कैंसर से जूझ रहे ब्रिटेन के किंग चार्ल्स की नई तस्वीर सामने आई है। ब्रिटेन के शाही परिवार ने यह तस्वीर जारी की है, जिसमें किंग चार्ल्स शाही सैन्य पोशाक में दिख रहे हैं। किंग चार्ल्स की यह तस्वीर सशस्त्र सेना दिवस के मौके पर जारी की गई है। तस्वीर में राजा को फील्ड मार्शल की आधिकारिक पोशाक में बैठे हुए दिखाई दे रहे हैं, जिसमें किंग चार्ल्स के पदक, तलवार भी दिख रही है। किंग चार्ल्स की इस तस्वीर का विमोचन रानी कैमिला ने सशस्त्र बलों के सदस्यों को श्रद्धांजलि देते हुए किया। इस दौरान अपने वीडियो संदेश में रानी कैमिला ने सशस्त्र बलों को प्रेरणा, आश्वासन और गर्व स्त्रोत बताया। जून के अंतिम शनिवार को मनाए जाने वाले सशस्त्र सेना दिवस के अवसर पर सैन्य कर्मियों और सैन्य कर्मियों के परिवारों के प्रति कृतज्ञता प्रकट की जाती है। 2000 के दशक से सशस्त्र सेना दिवस मनाया जा रहा है। किंग चार्ल्स की जिस तस्वीर को जारी किया गया, उसे ह्यूगो बर्नांड द्वारा खींची गई। ह्यूगो बर्नांड शाही परिवार की तस्वीरें लेने के लिए जाने जाते हैं। किंग चार्ल्स ब्रिटेन की सेना में फील्ड मार्शल है, जो कि ब्रिटिश सेना की सबसे ऊंची रैंक मानी जाती है।

### ब्रिटेन में एक महिला जेल अधिकारी पर लगा दुराचार का आरोप

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन में एक वीडियो वायरल होने के बाद एक महिला जेल अधिकारी पर दुराचार का आरोप लगाया गया है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में महिला जेल अधिकारी को एचएमपी वैंड्सवर्थ में एक कैदी के साथ यौन संबंध बनाते हुए देखा गया। महिला जेल अधिकारी की पहचान 30 वर्षीय लिंडा डी सूसा अब्रू के तौर पर की गई है। उसे आज उक्सब्रिज मजिस्ट्रेट कोर्ट के समक्ष पेश किया जाएगा। इस वीडियो में आरोपी को यौन संबंध बनाने से पहले पूरी वर्दी में देखा गया था।

# रूस ने यूक्रेन से जंग में उतार दीं मोटरसाइकिलें, नाटो भी रह गया हैरान

**मास्को, एजेंसी।** करीब ढ़ाई साल से ज्यादा समय से चल रहा रूस-यूक्रेन युद्ध अब एक नए रूप में पहुंच गया है। यूक्रेन द्वारा पूर्वी यूक्रेन में लगातार रूसी सैनिकों को ड्रोन और रॉकेटों के जरिए निशाना बनाया जा रहा था। जिसके कारण रूस को सैनिकों और बख्तरबंद वाहनों के रूप में काफी नुकसान का सामना करना पड़ रहा था। अब रूसी सेना ने खुले मैदानों में हमला करने के लिए एक नई तकनीकि का इजाद कर लिया है। यूक्रेनी सेना के लेफ्टिनेंट मिखाइलो होवित्सकी ने एक हमले का जिक्र करते हुए बताया, पहले तो एकदम से धूल का गुबार उठा और फिर उसमें से मोटरसाईकिलों पर सवार रूसी सैनिक तेज रफ्तार में धूल उड़ाते, शोर करते सामने आए और चारों तरफ फैल कर उन्होंने यूक्रेनी मोर्चे को चारों तरफ से घेर लिया और गोलीबारी शुरू कर दी। मिखाइलो ने कहा कि इस तरह के हमले पहले से ही खतरनाक हो चुकी लड़ाई को और भी ज्यादा खतरनाक और उग्र बना दिया है।

न्यूयॉर्क टाइम्स में छपी एक रिपोर्ट के मुताबिक, यूक्रेनी अधिकारियों ने कहा कि पिछले महीनों में जितने भी हमले यूक्रेनी सैनिकों या मोर्चों पर हुए हैं उन में इन मोटरसाइकिल, बग्गी वाली गाड़ी के हमलें सबसे ज्यादा घातक रहे हैं, क्योंकि यह रूसी सैनिकों को लगातार तेजी के साथ खुले





मैदान में चलने के लिए मदद करते हैं और उनके जिग-जैग तरीके से चलने के कारण ड्रोन या फिर किसी और तरह का हमला करना मुश्किल होता है। जबकि इसके मुकाबले बख्तरबंद गाड़ियों पर हमला करना आसान होता है क्योंकि वे तेजी से नहीं निकल सकती और एक सीधी दिशा में गति करती हैं। रिपोर्ट के अनुसार यूक्रेनी सेना के तोपखाने के कमांडर कैप्टन यारोस्लाव ने कहा, हम हर मीटर पर युद्ध लड़ रहे हैं, हम पिछले महीने रूस की सीमा में रॉकेट दाग रहे थे। रूस की सेना एक आक्रमक सेना है और जैसे-जैसे युद्ध आगे बढ़ रहा है इसके लाभ में भी वृद्धि हुई है। रूसी सेना की सबसे बड़ी मजबूती यह है कि वह पूर्वी यूक्रेन के डोनबास क्षेत्र में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण आपूर्ति लाइनों और कस्बों के करीब है, जिससे उसे आपूर्ति की कोई कमी नहीं है। रूस ने मई 2023 में बखमुत शहर पर कब्जा कर लिया था, तब से वह एक साल में तीन मील तक आगे बढ़ गया है, रूस अब चासिव नहर के पास रूका हुआ है और यहां पर भी लगातार हमले कर रहा है। एक यूक्रेनी अधिकारी ने बताया कि रूसी सेना की तरफ से तेजी के साथ बमबारी की जाती है।

### दक्षिण कोरिया, अमेरिका और जापान के सैन्य अभ्यास के जवाब में उत्तर कोरिया ने दागे दो बैलिस्टिक मिसाइल

**सोल, एजेंसी।** दक्षिण कोरिया की सेना ने कहा है कि उत्तर कोरिया ने सोमवार को पूर्व की दिशा में दो बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। कहा गया है कि दक्षिण कोरिया, अमेरिका और जापान के संयुक्त सैन्य अभ्यास के जवाब में ये कार्रवाई की गई है। दक्षिण कोरिया के संयुक्त चीफ ऑफ स्टाफ (जेसीएस) ने कहा कि दक्षिण ह्वांगहे प्रांत के जंगयोन क्षेत्र से सोमवार सुबह करीब 5:05 बजे उत्तर-पूर्वी दिशा में एक बैलिस्टिक मिसाइल दागी गई। इसके तुरंत बाद सुबह करीब 5:15 बजे एक और बैलिस्टिक मिसाइल दागी गई। पहली मिसाइल छोटी दूरी क्र थी। योनहाप समाचार एजेंसी ने इस बारे में और जानकारी नहीं दी कि मिसाइलें कितनी दूर तक गई। जेसीएस ने मीडिया को बताया, हमारी सेना उत्तर कोरियाई बैलिस्टिक मिसाइल डेटा को अमेरिका और जापानी अधिकारियों के साथ साझा करेगी, हम स्थिति पर नजर बनाये हुए हैं। इससे पहले रविवार को उत्तर कोरिया के विदेश मंत्रालय ने दक्षिण कोरिया, अमेरिका और जापान के सैन्य अभ्यास की निंदा करते हुए कहा था कि देश इसके खिलाफ आक्रामक और भारी जवाबी कार्रवाई करेगा।

## पड़ोसी देश के गाने सुन रहा था, किम जोंग उन ने सरेआम दे दी मौत की सजा



**प्योंगयांग, एजेंसी।** उत्तर कोरिया का तानाशाह अपने अजीब और क्रूर फैसलों के लिए जाना जाता है। अब यहां एक 22 साल के युवक को सरेआम मौत के घाट उतार दिया गया। उसका गुनाह सिर्फ यह था कि वह पड़ोसी देश साउथ कोरिया के गाने सुन रहा था। उसपर आरोप था कि उसने के-पॉप संगीत और फिल्में देखकर उत्तर कोरिया के कानून को तोड़ा है। द गार्जियन की रिपोर्ट के मुताबिक दक्षिण ह्वांगी प्रांत के रहने वाले शख्स को दक्षिण कोरिया के 70 गाने सुनने और तीन फिल्में देखने का गुनहगार बताया गया और उसको मौत की सजा दे दी गई। उत्तर कोरिया में रियक्शनरी आइडियोलॉजी ऐंड कल्चर कानून 2020 के तहत यह अपराध है। पूर्व शासक किम जोंग इल के शासनकाल में ही दक्षिण कोरियाई संगीत पर बैन लगाया गया था। वहीं कि जोंग उन के शासन में कानून और कठोर कर दिए गए। के-पॉप और के-ड्रामा दक्षिण कोरियाई फिल्मों और संगीत का एक रूप हैं जिन्हें दुनियाभर में पसंद किया जाता है। रिपोर्ट में उत्तर कोरिया के ही लोगों को कोट किया गया। एक शख्स ने कहा, आखिर हम ऐसा जीवन क्यों जी रहे हैं। उत्तर कोरिया में जीने से अच्छा तो मर जाना है। जानकारी के मुताबिक उत्तर कोरिया में अधिकारी अकसर किसी का भी फोन चेक करते हैं और पता करते हैं उसमें किस तरह का संगीत है। रिपोर्ट के मुताबिक उत्तर कोरिया में दुल्हनों का सफेद ड्रेस पहनना, दूल्हे का दुल्हन का साथ ले जाना, धूप का चश्मा लगाना या फिर शराब पीने के लिए कांच का गिलास इस्तेमाल करना भी अपराध है और इसके लिए कड़ी सजा दी जाती है।

## फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैंक्रों की पार्टी की हार की संभावना, मरीन ले पेन ने बड़ी बढ़त बनाई

**पेरिस, एजेंसी।** फ्रांस के ससंदीय चुनाव के पहले दौर में फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैंक्रों की पार्टी पीछे हो गई है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक मरीन ले पेन की दक्षिणपंथी नेशनल रैली (आरएन) पार्टी ने बढ़त बना ली है। जिसके कारण मैंक्रों की पार्टी तीसरे स्थान पर खिसक गई है। आरएन के नेतृत्व वाले दक्षिणपंती गठबंधन को 34 फीसदी वोट आईपीएसओएस के शुरुआती अनुमानों के मुताबिक नेशनल रैली (आरएन) के नेतृत्व वाला धुर दक्षिणपंथी गठबंधन 34 फीसदी वोट के साथ पहले स्थान पर है, जबकि वामपंथी गठबंधन 28.1 फीसदी वोट के साथ दूसरे स्थान पर है, वहीं मैंक्रों की पार्टी 20.3 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर चल रही है। एग्जिट पोल में किसी को भी बहुमत नहीं सीएनएन रिपोर्ट के मुताबिक एग्जिट पोल में अगले रविवार को दूसरे दौर के मतदान के बाद 577 सीटों वाली नेशनल असेंबली में आरएन 230 से 280 सीटें जीत सकती है, जो कि पूर्ण बहुमत के लिए जरूरी 289 सीटों से कम है। वहीं वामपंथी गठबंधन न्यू पॉपुलर फ्रंट (एनएफपी) को 125 से 165 सीटों का अनुमान, जबकि मैंक्रों के एन्सेम्बल और उसके सहयोगी 70 से 100 सीटें जीत सकते हैं। इस महीने की शुरुआत में छह जून को यूरोपीय संसद के लिए चुनाव हुए थे।

# रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ का आरोप- सीमा पर आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रहा अफगान तालिबान

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने रविवार को अफगानिस्तान में तालिबान के नेतृत्व वाली सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि बार-बार अनुरोध के बावजूद तालिबान सरकार पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रही है। बीबीसी उर्दू के साथ एक इंटरव्यू में आसिफ ने कहा, पाकिस्तान ने आतंकवादियों को पश्चिमी सीमा की ओर भेजने के लिए 10 अरब रुपये देने की पेशकश की थी और अफगान सरकार से सहयोग की उम्मीद की थी। लेकिन अफगान सरकार आतंकवादियो के खिलाफ कार्रवाई करने को तैयार नहीं थी। पाकिस्तान ने बार-बार अफगानिस्तान की सरकार से कहा है कि वह तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) और अन्य आतंकवादी समूहों को अपनी धरती का इस्तेमाल न करने दे। हालांकि, काबुल भी बार-बार इस दावे को खारिज करता रहा है कि पाकिस्तान के खिलाफ उसकी जमीन का इस्तेमाल हो रहा है। आसिफ ने कहा कि सरकार ने पश्चिमी सीमा क्षेत्रों में आतंकवादियों को स्थानांतरित करने के लिए 10 अरब रुपये की पेशकश की थी। लेकिन उसे डर था कि आतंकवादी वहां से भी पाकिस्तानी की सीमा में लौट सकते हैं। पिछले हफ्ते वॉयस ऑफ अमेरिका को दिए इंटरव्य में आसिफ ने कहा था कि सैन्य अभियान अज्म-ए-इस्तेकाम के तहत पाकिस्तान सीमा पार अफगानिस्तान में आतंकवादी



ठिकानों को निशाना बना सकता है। उन्होंने टीटीपी के साथ बातचीत की संभावना को भी खारिज कर दिया था। इस साल मार्च में पाकिस्तानी वायु सेना के लड़ाकू विमानों ने अफगानिस्तान के अंदर खोस्त और पक्तिका के सीमावर्ती क्षेत्रों में आतंकवादियों के खिलाफ हवाई हमले किए थे।

इन हवाई हमलों के तुरंत बाद आसिफ ने कहा था कि पाकिस्तान अफगानिस्तान की तालिबान सरकार को बताना चाहता है कि हम पाकिस्तान में इस तरह के आतंकवादी हमलों जारी नहीं रहने दे सकते। इस्लामाबाद ने यह कार्रवाई तब की थी जब पाकिस्तानी बलों पर एक घातक आतंकी हमला हुआ। इस हमले में एक लेफ्टिनेंट कर्नल और एक कैप्टन सहित सात सैनिक मारे गए। अगस्त 2021 में अमेरिका के जाने के बाद तालिबान ने अफगानिस्तान में सरकार बना ली। इसके बाद से पाकिस्तान में आतंकवाद की घटनाओं में भारी बढ़ोतरी हुई। इससे इस्लामाबाद की उम्मीदें टूट गई कि अफगानिस्तान में दोस्ताना सरकार आतंकवाद से निपटने में उसकी मदद करेगी। एक थिंक टैंक सेंटर फॉर रिसर्च एंड सिक्योरिटी स्टडीज की सालाना रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान में 2023 में 789 आतंकवादी हमले हुए। आतंकवाद रोधी अभियानों में 1524 लोगों की मौत हुई। जबकि 1463 लोग घायल हुए।

# नेपाल में मुस्लिमों ने हिन्दुओं के गांव का नाम बदल कर रख दिया 'इस्लाम नगर', हिंदू युवकों को भी पीटा

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल के रौतहट जिले में साम्प्रदायिक तनाव की घटना सामने आई है। यहां एक सप्ताह पहले मुस्लिमों ने एक गांव का नाम इस्लाम नगर रखकर इससे बोर्ड लगवा दिया। हिन्दुओं को इसका पता चला तो वे भड़क गए और इस बोर्ड को उखाड़ फेंका। इसके बाद मुस्लिमों ने हिन्दू समुदाय के कुछ युवाओं की पिटाई कर दी। इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घटना 23 जून की बताई जा रही है। मामला रौतहट जिले के गरुडा नगरपालिका वॉर्ड नंबर 6 का है। यहाँ के गाँव पोठियाही में सप्ताह भर पहले मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एक चौराहे पर इस्लाम नगर का बोर्ड लगा दिया। यह बोर्ड बाकायदा हरे रंग में रंगा गया था। बोर्ड के ऊपर अरबी और उर्दू भाषा में कई शब्द लिख दिए गए थे। बोर्ड के ऊपर दोनों तरफ इस्लामी इबादतगाहों की तस्वीरें भी छाप दी गई थीं। यहाँ पर खड़े होकर एक मुस्लिम बुजुर्ग ने एक सेल्फी भी ली थी, बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। कहा जा रहा है कि स्थानीय मुस्लिम इस जगह को अपनी तरफ से इस्लाम नगर कह कर बुलाने भी लगे थे। घटना के दिन मौके




पर पहुँचकर मुस्लिमों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। हिंदू पक्ष ने नेपाल प्रशासन पर मुस्लिम तुष्टिकरण का आरोप लगाया है। नेपाल के संगठन 'हिन्दू सम्राट सेना' के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश यादव ने बताया कि पोठियाही गाँव में मुस्लिमों के महज 10 घर हैं, जो कि गाँव की कुल आबादी का महज 4त्त है। इसके बावजूद इन्होंने पूरे पोठियाही गाँव के नाम को बदलने की साजिश रच डाली। 23 जून को हिन्दू सम्राट सेना के सदस्यों ने स्थानीय निवासियों के साथ मिलकर इस्लाम नगर वाले इस बोर्ड को उखाड़ दिया। उन्होंने कहा कि उस दौरान मुस्लिम पक्ष के लोग खामोश रहे, लेकिन अंदर ही अंदर वो हिंसा फैलाने की साजिश रच रहे थे। 25 जून की रात को तीन हिन्दू युवक चौराहे से गुजर रहे थे। इस दौरान उनको लगभग एक दर्जन मुस्लिमों ने घेर लिया और उन पर इस्लाम नगर वाला बोर्ड उखाड़ने का आरोप लगाकर पहले गंदी-गंदी गालियाँ दी गई और बाद में उनकी पिटाई कर दी। इस हमले में हिंदू समुदाय के युवक बुरी तरह घायल हो गए। हिंसक भीड़ को चाँद दीवान, रफीक, सिराजुल और मंजूर आदि लोग लीड कर रहे थे। इस हमले की जानकारी मिलते ही आसपास के हिन्दू नाराज हो गए। हिन्दुओं ने एकजुट होकर इस हमले का विरोध किया। इस बीच मामले की जानकारी मिलते ही मौके पर प्रशासनिक अधिकारी पहुँच गए। हिंदू पक्ष का आरोप है कि पुलिस ने हमला करने वाले मुस्लिमों पर कोई कार्रवाई नहीं की। इतना ही नहीं, उन मुस्लिम परिवारों को ही पुलिस ने बजाय सुरक्षा दे दी, जिन्होंने हमला किया था। नेपाल प्रशासन इस घटना को आपसी विवाद बताकर मामले पर पर्दा डालने की कोशिश कर रहा है। पुलिस का कहना है कि मामले में कोई साम्प्रदायिक एंगल नहीं है।

# चीन का मृत सागर बना दुनिया के लिए अजूबा

**बीजिंग, एजेंसी।** युंचेंग साल्ट लेक एक बहुरंगी नज़ारा है। ये रंग बढ़ते तापमान के कारण होते हैं, जिससे शैवाल की वृद्धि होती है, जो जीवंत रंगों की मनमोहक श्रृंखला का निर्माण करते हैं। चीन वर्तमान में अपने सांस्कृतिक महत्व के कारण यूनेस्को का दर्जा हासिल करने की कोशिश कर रहा है। युंचेंग साल्ट लेक चीन के शांक्सी प्रांत के जिनान बेसिन में स्थित है, जो 132 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में फैला हुआ है, जिसका इतिहास 4000 से अधिक वर्षों का है। मध्य पूर्व में मृत सागर के समान नमक की मात्रा के साथ, लोग इसके पानी में नहीं डूबेंगे। इसलिए इसे चीन का मृत सागर के रूप में जाना जाता है।

साल्ट लेक दक्षिण में हरे-भरे और ऊंचे झोंगटियाओ पर्वत, उत्तर में एमी मिंगटियाओ पहाड़ी, पूर्व में सुशुई याओताई और पश्चिम में प्राचीन पीली नदी क्रॉसिंग से घिरा हुआ है। हजारों हेक्टेयर में फैली यह झील बहुत बड़ी है, जो रीड वेटलैंड्स से घिरी हुई है और जलपक्षियों और प्रवासी पक्षियों के झुंडों के लिए आवास का काम करती है। चीन का मृत सागर युंचेंग साल्ट लेक दर्शनीय क्षेत्र साल्ट लेक के मध्य क्षेत्र में स्थित है। यह एक राष्ट्रीय 4 दर्शनीय क्षेत्र है, जो संस्कृति, पारिस्थितिकी, हरियाली और स्वास्थ्य संरक्षण को एकीकृत करता है। अद्वितीय संसाधनों पर भरोसा करते हुए, दर्शनीय स्थल मृत सागर में तैरना, काली मिट्टी स्वास्थ्य संरक्षण, गर्म पानी के झरने, खनिज नमक फिजियोथेरेपी और फेफड़ों की सफाई के लिए नमक धुंध की विशेषता वाली एक पर्यटन परियोजना बनाने का प्रयास करता है। आधुनिक स्वास्थ्य



संरक्षण की नई अवधारणा के संयोजन में, दर्शनीय स्थल ने चीन में काली मिट्टी के सौंदर्य प्रसाधनों की एकमात्र श्रृंखला का शोध और विकास किया है, साथ ही मृत सागर नमक नक्काशी, खनिज नमक फिजियोथेरेपी बैग के विशिष्ट पर्यटन स्मृति चिन्ह भी हैं, जिनमें उच्च सजावटी मूल्य और स्वास्थ्य संरक्षण कार्य दोनों हैं। चीन के मृत सागर में स्थित युनचेंग साल्ट लेक, चीनी नमक संस्कृति को जानने-समझने की एक जगह है, यह अवकाश और छुट्टी मनाने के लिए एक अच्छी जगह है, स्वास्थ्य और स्वास्थ्य लाभ के लिए धरती पर एक स्वर्ग है, और एक आदर्श जीवन का अनुभव करने के लिए एक पर्यटक स्थल है। मेडिकल स्पा थेरेपी साल्ट लेक की गहरी परत से 2121 मीटर की गहराई में भूतापीय खनिज पानी से बनाई जाती है। यह गर्म पानी के झरने और नमकीन पानी के स्वास्थ्य देखभाल के सार को जोड़ती है। मृत सागर में नियमित रूप से गर्म पानी के झरने का स्पा उच्च रक्तचाप, हाइपरलिपिडिमिया और अन्य जिद्दी बीमारियों से राहत दिलाने में मदद कर सकता है।

# भारतीय मूल के डॉ. संपत फिर चुने गए रिपब्लिकन पार्टी के प्रतिनिधि, राष्ट्रपति चुनाव में होगी अहम भूमिका

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में भारतीय मूल के डॉ. संपत शिवांगी को एक बार फिर रिपब्लिकन पार्टी का प्रतिनिधि चुना गया है। उन्हें जुलाई में मिल्वौकी में होने वाले रिपब्लिकन नेशनल कन्वेन्शन के लिए के लिए प्रतिनिधि के रूप में चुना गया है। बता दें कि इस सम्मेलन में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए औपचारिक रूप से नामित किया जाएगा।

**जुलाई में इस दिन होगा आरएनसी :** 78 वर्षीय ट्रंप राष्ट्रपति चुनाव के लिए रिपब्लिकन पार्टी की ओर से मैदान में हैं। भारतीय मूल के अमेरिकी समुदाय के प्रभावशाली नेता डॉ. शिवांगी को छठी बार सम्मेलन में राष्ट्रीय प्रतिनिधि चुना गया है। उन्होंने कहा, खबर साझा करते हुए बहुत खुशी हो रही है। यह मेरे लिए सम्मान की बात है कि मुझे 13 जुलाई से 19 जुलाई तक मिल्वौकी में होने वाले आगामी रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन में एक आधिकारिक प्रतिनिधि के रूप में चुना गया है।

विस्कोन्सिन के मिल्वौकी में चार दिवसीय रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन (आरएनसी) पांच नवंबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में ट्रंप को पार्टी का उम्मीदवार घोषित करेगा। नामांकन प्रक्रिया देश भर से रिपब्लिकन प्रतिनिधियों द्वारा पूरी की जाएगी। बता दें, रिपब्लिकन पार्टी की आजीवन सदस्य और रिपब्लिकन इंडियन काउंसिल व रिपब्लिकन इंडियन नेशनल काउंसिल की संस्थापक सदस्य डॉ. शिवांगी को लगातार छह बार आरएनसी प्रतिनिधि के रूप में चुना गया है। उन्होंने कहा, यह छठी बार होगा जब मैं रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन में राष्ट्रीय प्रतिनिधि के रूप में काम करूंगा, ताकि राष्ट्रपति



चुनाव लड़ने के लिए रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार को नामित कर सकूं।

**इससे पहले भी चुने गए रिपब्लिकन के प्रतिनिधि :** भारतीय-अमेरिकी डॉ. संपत को पहली बार 2004 में न्यूयॉर्क शहर में रिपब्लिकन सम्मेलन में एक प्रतिनिधि के रूप में राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू बुश को नामित करने के लिए चुना गया था। 2008 में, उन्हें जॉन मैककेन और 2012 में टाम्पा में मिट रोमनी को नामित करने के लिए मिनियापोलिस में एक रिपब्लिकन प्रतिनिधि के रूप में चुना गया था। अब फिर से मिल्वौकी में 2024 में डोनाल्ड ट्रंप को नामित करने के लिए उन्हें चुना गया है। उन्होंने कहा, ट्रंप को दोबारा नामित करने और अगले चार वर्ष के लिए दोबारा निर्वाचित करने के लिहाज से इस ऐतिहासिक सम्मेलन का हिस्सा बनना बेहद सम्मान की बात है। मुझे लगता है कि यह एक भारतीय अमेरिकी के लिए राष्ट्रीय स्तर पर समुदाय का प्रतिनिधित्व करने का एक अनूठा अवसर है। बता दें, डॉ. संपत शिवांगी इंडियन अमेरिकन फोरम फॉर पॉलिटिकल एजुकेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं, जो सबसे पुराने भारतीय अमेरिकी संघों में से एक है। पिछले तीन दशकों में उन्होंने अमेरिकी सीनेटरों और सांसदों के साथ अपने व्यापक संपर्कों के माध्यम से भारत की ओर से अमेरिकी सदन में कई विधेयकों के लिए आवाज उठाई है।

